उज्जैन
मंगलवार
30
दिसम्बर, 2025
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-58
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



मौका खुद मिला, जो होना होता है वहीं होता है धुरंधर के गाने शरारत में तमन्ना को रिप्लेस करने की अटकलों पर रिएक्शन ने किया रिएक्ट



## बांग्लादेश की पहली महिला पीएम खालिदा जिया का निधन




**ढाका।** बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की प्रमुख खालिदा जिया का आज सुबह 6 बजे 80 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 20 दिन से वेंटिलेटर पर थीं। खालिदा पिछले कई साल से सीने में इन्फेक्शन, लिवर, किडनी, डायबिटीज, गठिया और आंखों की परेशानी से जूझ रहीं थीं। उनके परिवार और पार्टी नेताओं ने निधन की पुष्टि की है। खालिदा 1991 से 1996 और 2001 से 2006 तक दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं। वे पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की पत्नी थीं। उनके बड़े बेटे और बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान 2008 से लंदन में रह रहे थे।

## मुंबई में बुजुर्ग महिला डिजिटल अरेस्ट, 3.71 रुपये करोड़ ठगे

**मुंबई/सूरत।** मुंबई में 68 साल की एक महिला से 3.71 करोड़ की ठगी हो गई। आरोपियों ने खुद को मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों का कर्मचारी बताया था। इन लोगों ने नकली ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई भी की, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को पूर्व सीजेआई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बताया था। इस मामले में साइबर पुलिस ने एक आरोपी को सूरत से पकड़ा है। आरोपी के खाते में 1.71 करोड़ रुपए ट्रांसफर हुए थे। उसने यह खाता फर्जी कपड़ा कंपनी के नाम पर खुलवाया था। इसके बदले उसे 6.40 लाख रुपए कमीशन मिला। महिला मुंबई के अंधेरी वेस्ट में रहती है। महिला पर धोखेबाज लगातार नजर रख रहे थे। 18 अगस्त को महिला को एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कोलाबा पुलिस स्टेशन का अफसर बताया।

## यूक्रेन का पुतिन के घर पर 91 ड्रोन से हमला, रूस का दावा- सभी मार गिराए



**मॉस्को/कीव।** रूस ने सोमवार को आरोप लगाया कि यूक्रेन ने नोवगोरोड में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सरकारी आवास पर हमला करने की कोशिश की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के मुताबिक यूक्रेन ने 28 और 29 दिसंबर की रात 91 ड्रोन से हमला किया, जिसे रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। लावरोव ने चेतावनी दी कि हमले का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने इस हमले को आतंकवाद करार दिया। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस आरोप को पूरी तरह झूठा और मनगढंत बताया।

## मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरी, इंजन पलटा, 13 की मौत, 98 घायल

**ओक्साका।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ओअक्साका में एक ट्रेन के पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मेक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है। मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोगों सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। घायलों में से 36 को अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पांच घायल गंभीर हालत में हैं।

### मुंबई के भांडुप में बस ने 13 लोगों को कुचला

# 4 लोगों की मौत, 9 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



**रिवर्स करते समय हादसा, ड्राइवर हिरासत में**

मुंबई के भांडुप में रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार देर रात एक बस ने 13 पैदल यात्रियों को कुचल दिया। हादसे में 3 महिला सहित 4 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसा रात 9:35 बजे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट की बस से हुआ।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, बेस्ट की बस रिवर्स करते समय बेकाबू हो गई और सड़क पर चल रहे लोगों को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाद एम्बुलेंस, मुंबई फायर ब्रिगेड और बेस्ट की टीम मौके पर पहुंची।

पीड़ितों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से राजावाड़ी और एम.टी. अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बस ने एक बिजली के खंभे को भी टक्कर मारी, जिससे वह गिर गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## ड्रीम गर्ल की एक्ट्रेस नुसरत भरूचा महाकाल-मंदिर पहुंचीं

### भस्म आरती में शामिल हुई, नए साल से पहले महाकाल दर्शन कर आशीर्वाद लेने आई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



सोनू की टीटू की स्वीटी,प्यार का पंचनामा, ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाली प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री नुसरत भरूचा मंगलवार को महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। नुसरत ने प्रातःकालीन होने वाली भस्म आरती में शामिल होकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी का आशीर्वाद लिया।

नुसरत भरूचा सुबह चार बजे भस्म आरती में पहुंचीं, वे नंदी हाल में दर्शन के लिए बैठीं। इस दौरान करीब दो घंटे चली आरती में वे भगवान महाकाल का जाप करती हुई नजर आईं। देहरी से दर्शन के बाद नुसरत का श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से स्वागत-सत्कार किया गया। दर्शन के बाद नुसरत ने कहा कि वह महाकाल मंदिर दर्शन के लिए दूसरी बार आई हैं। नववर्ष पर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने के लिए वह उज्जैन पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सभी दर्शन सुचारु रूप से हो गए और मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। नुसरत ने कहा कि भगवान महाकाल को जल अर्पित करने के लिए अलग से स्थान बनाया गया है, जो उन्हें बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि यहां आकर मन को शांति मिलती है और हर साल बाबा महाकाल के दर्शन करने की इच्छा रहती है।

## मप्र में 4 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन/भोपाल

मध्य प्रदेश में जेट स्ट्रीम (ठंडी-गर्म हवा का नदी जैसा बहना) की रफ्तार 287 किमीप्रतिघंटे पहुंच गई है। इससे राज्य के न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट है। भोपाल में रात का तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कुछ जिलों में कोल्ड वेव का असर है। कई जिलों में सुबह घना कोहरा रहा। सर्दी के चलते 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक स्कूलों की छुट्टी की गई है।

## बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में आग लगाई, पांच संदिग्ध गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है।

परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

## वेबसाइट को एआई-बेस्ड बनाने का प्रोजेक्ट शुरू

### नए स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से सवालों के तुरंत जवाब मिलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन/भोपाल

वित्त विभाग ने अपनी वेबसाइट को एआई-बेस्ड बनाने का प्रोजेक्ट शुरू किया है। नए स्मार्ट चैटबॉट सिस्टम से कर्मचारियों को अलाउंस, ट्रैवल और डेली अलाउंस , सर्कुलर और नियमों से जुड़े सवालों के तुरंत जवाब मिलेंगे। बजट और फाइनेंशियल नियमों की जानकारी भी एक क्लिक पर मिल जाएगी। यानि वित्त विभाग की साइट पर एक ऐसा चैट-बोर्ड विकसित किया गया है, जिसमें कर्मचारी या अधिकारी कोई भी सवाल डालेंगे तो उसका कस्टमाइज (जरूरत के मुताबिक अनुकूल उत्तर) जवाब तुरंत मिलेगा। इसका उपयोग वह अपने आवेदन में रेफरेंस के साथ कर सकेगा। बीईएमएस (बजट एस्टीमेशन, एलोकेशन और मॉनिटरिंग सिस्टम)पोर्टल पर डैशबोर्ड लेटेस्ट जानकारी के साथ रेगुलर अपडेट किया जाएगा। एआई-बेस्ड सिस्टम डिपार्टमेंट के फैसले लेने की प्रक्रिया को तेज करेगा और 2026-27 से 2028-29 तक के रोलिंग बजट की तैयारी को मजबूत करेगा।

### एआई से लैस होगी वेबसाइट

अब फाइनेंस डिपार्टमेंट की वेबसाइट एआई से लैस होगी। कर्मचारियों के भत्ते, ट्रैवल अलाउंस , महंगाई भत्ता, और सर्कुलर अब चैटबॉट के जरिए उपलब्ध होंगे। पहले, कर्मचारियों को अक्सर अपने भत्ते, ट्रैवल अलाउंस, महंगाई भत्ता, और लेटेस्ट सरकारी आदेशों (सर्कुलर) को समझने में दिक्कत होती थी। अब, एआई-बेस्ड पोर्टल पर सिर्फ एक सवाल पूछने पर चैटबॉट तुरंत संबंधित नियम और ऑर्डर की कॉपी दे देगा। इससे कर्मचारियों को बार-बार ऑफिस जाने से छुटकारा मिलेगा। वित्त विभाग के अधिकारिक सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि नई वेबसाइट आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त होगी। यह सर्च इंजन की तरह काम भी करेगी। इसे ऐसे डिजाइन किया है, ताकि विभाग बजट को लेकर अपनी डिमांड ऑनलाइन अपलोड भी करते हैं तो वह अपने आप सेट प्रोफार्मा में चली जाए। इस बार वित्त विभाग 2026-27 के बजट व 2027-28 व 2028-29 के रोलिंग बजट की तैयारी कर रहा है। साइट को कर्मचारियों-अधिकारियों के साथ आम जनता से जोड़ा जा रहा है।

## 120 किलोमीटर मारक क्षमता वाले पिनाका रॉकेट का सफल परीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने स्वदेशी रक्षा तकनीक के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट के 120 किलोमीटर मारक क्षमता वाले संस्करण का सफल परीक्षण किया है। ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में किए गए इस परीक्षण को भारतीय सेना की मारक क्षमता में बड़े इजाफे के रूप में देखा जा रहा है। परीक्षण के दौरान रॉकेट ने अपने अधिकतम रेंज तक उड़ान भरते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरी सटीकता के साथ भेद दिया, जिससे रक्षा वैज्ञानिकों और सैन्य अधिकारियों में उत्साह का माहौल है। इस परीक्षण की खास बात यह रही कि जिस दिन पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट परियोजना को रक्षा अधिग्रहण परिषद से भारतीय सेना के लिए मंजूरी मिली, उसी दिन इसका सफल उड़ान परीक्षण भी किया गया। इसे रक्षा क्षेत्र में नीति और तकनीक के बीच बेहतर तालमेल का प्रतीक माना जा रहा है। रक्षा सूत्रों के अनुसार यह पहला मौका था जब 120 किलोमीटर रेंज वाले पिनाका रॉकेट का पूर्ण दूरी तक परीक्षण किया गया।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### 40 दिव्यांग बालिकाओं ने महाकाल दर्शन किए, महाकाल लोक भी देखा

**उज्जैन।** समग्र शिक्षा अभियान समावेशित शिक्षा अंतर्गत मायापुरी, हीरामल की चाल स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालिका छात्रावास की 40 बालिकाओं को महाकालेश्वर दर्शन एवं महाकाल लोक भ्रमण कराया गया। (दिव्यांग) बालिका छात्रावास संचालक मनोज मालवीय ने बताया दर्शन करने वाली बालिकाओं में शामिल मूक-बधिर, मानसिक रूप से अविकसित, दृष्टिबाधित बालिकाओं को सांकेतिक भाषा में महाकाल लोक में स्थित प्रतिमाओं की महत्ता एवं जानकारी दी गई।

### मां चामुंडा को लगाएंगे 5 क्विंटल मिठाई का छप्पनभोग, 16 घंटे हलवा प्रसादी बांटेंगे

**उज्जैन।** चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के स्थापना दिवस पर 1 जनवरी को मां चामुंडा का हिमालय पर्वत जैसा श्रृंगार किया जाएगा। वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह और निखिल चौबे के अनुसार मंदिर को हिमालय पर्वत का रूप दिया जाएगा। माताजी को 5 क्विंटल मिठाई से बने 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। प्रातः आरती के बाद सुबह 8 से रात 12 बजे तक लगातार 16 घंटे शुद्ध घी से बना हलवे प्रसाद बांटेंगे। 2 जनवरी को 56 भोग प्रसादी बांटी जाएगी। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस स?पेशल ट्रेन अब 31 जनवरी तक चलेगी

**उज्जैन।** यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखकर मुंबई सेंट्रल-इंदौर तेजस सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे पुनः विस्तारित किए जा रहे हैं। गाड़ी संख्या 09085 मुंबई सेंट्रल इंदौर तेजस स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 31 दिसंबर तक निर्धारित है, अब 30 जनवरी तक मुंबई सेंट्रल से प्रति सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09086 इंदौर-मुंबई सेंट्रल तेजस स्पेशल, जिसका अंतिम फेरा 1 जनवरी तक निर्धारित है, अब 31 जनवरी तक इंदौर से प्रति मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार को चलेगी। यह ट्रेन पूर्व निर्धारित मार्ग, कोच कंपोजिशन, दिन एवं ठहराव के साथ ही चलेगी। इनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### नववर्ष पर महाकाल मंदिर व लोक 5 लाख रुद्राक्ष व 11 हजार डमरू से सजेगा

**उज्जैन।** नववर्ष 2026 पर ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं श्री महाकाल लोक को सजाया जाएगा। डमरू फाउंडेशन, वड़ोदरा के साथी मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में पांच लाख रुद्राक्ष और 11,000 डमरू के माध्यम से सजाएंगे। सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया के अनुसार सजावट का काम श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के दिशा-निदेर्शों, मयार्दा एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाएगा। नए साल के पहले दिन रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने और दर्शन करने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए विशेष प्रबंध किए हैं। 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक मंदिर में हर प्रकार के प्रोटोकाल को भी बंद करने की बात कही है। इसी तरह भस्म आरती मार्ग को भी बदला है। साथ ही चलित भस्म आरती की शुरूआत की है, जिसका लाभ सुबह 5.15 बजे से लिया जा सकता है।

### उज्जैन में होंगे तीन रेलवे स्टेशन, इनमें चिंतामण गणेश मुख्य होगा

**उज्जैन।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कहा कि उज्जैन आने वाले श्रद्धालु बाबा महाकाल द्वारा आमंत्रित अतिथि हैं। इसलिए उनके सत्कार से जुड़ी व्यवस्था में संवेदना और आत्मीयता भी होनी चाहिए। सीएम मोहन यादव ने नानाखेड़ा स्टेडियम में 129 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान सीएम ने कहा कि भविष्य में इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलेगी, लेकिन इससे पहले वंदे भारत ट्रेन की सौगात उज्जैन को मिलेगी।

---

### अलग-अलग संदेश पर भावना नेक

# कलापर्व में चित्रकारों ने सुन्दर चित्र उकेरे








**ब्रह्मास्त्र ▸▸** पं. राहुल शुक्ल. उज्जैन

शहर में आयोजित कलापर्व में पधारे विभिन्न क्षेत्रों के चित्रकारों ने अलग अलग सुन्दर चित्र उकेरे अपनी तूलिका से किन्तु प्रत्येक चित्र में एक संदेश छुपा था जो जनहित व समाज कल्याण से जुड़ा हुआ नजर आया। कैनवास पर रंग बिखेरते ये चित्रकार इसी कोशिश मे लगे हुए थे कि समाज मे संदेश अच्छा जाए।

- **चित्रकारी, मनुष्य को प्रकृति प्रेम सिखाती है-** प्रकृति से प्रेम करने में चित्रकारी एक सशक्त माध्यम है। ईश्वर ने मनुष्य व प्रकृति के मध्य एक सह अस्तित्व का विधान बनाया है जिसके विपरीत जाने पर बहुत नुकसान होते हैं, अतः प्रकृति की सुन्दरता को महसूस करते हुए उसका संरक्षण बहुत आवश्यक है। यही बात चित्रकारी सिखाती है। कलापर्व उत्सव में मैंने अप्सरा और तोते का चित्र उकेर कर प्रकृति की खूबसूरती का रसास्वादन करने के लिए सभी को विवश किया है यही चित्रकला की ताकत है।

**-चित्रकार किशन सोनी, झांसी।**

- **महिला भी पूर्ण स्वतंत्रता चाहती है-** महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रयास हो रहे हैं किन्तु अभी भी महिलाओं के लिए कई बंधन हैं जिन्हें तोडना आवश्यक है। जिस दिन महिला पूर्णरूप से स्वतंत्र हो जाएगी उस दिन पृथ्वी स्वर्ग बन जाएगी। यही संदेश मेरी पेन्टिंग में है। बंद सीमा के अंदर कैद महिला उड़ती हुई पतंग देखकर यही सोच रही है कि वह दिन कब आएगा जब मैं पतंग जैसी स्वतंत्र होकर विचरण करूंगी।

**- सुश्री चांदनी बज्राचार्य, चित्रकार, भक्तपुर (नेपाल)।**

- **पति पत्नी के माधुर्य से ही जीवन सफल-** पति व पत्नी इस कठिन संसार मे चलनेवाली गाड़ी के दो महत्वपूर्ण चक्र हैं। दोनों को जिन्दगी में साथ-साथ दौड़कर सफल होना चाहिए इसके लिए पति व पत्नी के बीच प्रेम व माधुर्य होना नितांत जरूरी है। यही संदेश हमारे आदिदेव शंकर ने पौराणिक ग्रंथों में दिया है। शिव व पार्वती का प्रेम अकाट्य है और दोनों का समर्पण अनंत है। शिव पार्वती की पेन्टिंग में यही दिखाकर एक संदेश देने की मेरी कोशिश रही है।

**-चित्रकार आर्या राजभंडारी, काठमांडू (नेपाल)।**

- **अनेकता में एकता -** ईश्वर ने हमारा शरीर अलग अलग अंगों के द्वारा बनाया है। सभी अंग महत्वपूर्ण हैं और सभी के सहयोग से शरीर काम करता है। ठीक उसी तरह सभी मनुष्यों का धर्म व उपासना विधि भिन्न है पर समाज रूपी शरीर को चलाने के लिए सभी मनुष्यों का महत्व है। अतः शांति के साथ सभी मिलकर काम करें तो हिंसा व दंगा घटित न होगा। यही संदेश प्रतीकात्मक रूप से मेरी पेन्टिंग में है।

**-रत्न शाक्य, थमेल (नेपाल)।**

- भाइचारा, सौहार्द, प्रेम, माधुर्य व प्रकृति संरक्षण के संदेश देते चित्रकार शहर मे आकर स्वयं को अभिभूत महसूस कर रहे हैं क्योंकि यहां कालों के काल स्वयं महाकाल विराजित हैं और महाकाल सभी का कल्याण चाहते हैं।

---

# न्यू ईयर पर जेब पर भारी पर्यटन

## भोपाल से उज्जैन-ओंकारेश्वर-पचमढ़ी टैक्सी किराया 1000 रुपए तक महंगा... एमपी टूरिज्म के सभी कमरे फुल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

नववर्ष के मौके पर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा इस बार आम लोगों के लिए महंगी साबित हो रही है। भोपाल से उज्जैन, ओंकारेश्वर और पचमढ़ी जाने वाली टैक्सियों के किराए में अचानक उछाल देखने को मिल रहा है। आम दिनों की तुलना में प्रति ट्रिप किराया करीब 1000 रुपये तक अधिक वसूला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इन सभी स्थलों पर मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (एमपीटीडीसी) के होटल पूरी तरह फुल हो चुके हैं।



आमतौर पर भोपाल से उज्जैन का टैक्सी किराया 2000 से 2500 रुपए, पचमढ़ी के लिए 2200 से 2500 रुपए और ओंकारेश्वर के लिए 2800 से 3200 रुपए के बीच रहता है। लेकिन नववर्ष के पीक सीजन में यही किराया बढ़कर उज्जैन और पचमढ़ी के लिए 3000 से 3500 रुपए,ओंकारेश्वर के लिए 3800 से 4200 रुपए तक पहुंच गया है।

टैक्सी संचालकों का कहना है कि नववर्ष पर मांग बढ़ने, सीमित वाहनों की उपलब्धता और लगातार ट्रिप के दबाव के कारण किराया बढ़ाना मजबूरी है।

महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए उज्जैन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां एमपीटीडीसी के तीन प्रमुख होटल, जिनमें 100 से अधिक कमरे हैं, पूरी तरह भर चुके हैं। निजी होटल और धर्मशालाओं में भी कमरे सीमित बचे हैं और किराए में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। इसी तरह ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। यहां एमपीटीडीसी के सीमित होटल और करीब 50 से 60 कमरे पहले ही फुल हो चुके हैं।

---

# उज्जैन में ट्रेनों की क्षमता और स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ेगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

भारतीय रेलवे की अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों में रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता दोगुनी करने की योजना है। इस योजना में उज्जैन शहर भी शामिल है। उज्जैन में धार्मिक पर्यटन की बढ़ रही भीड़ को देखते हुए 11 प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों को खड़ा करने और टर्मिनेट करने की क्षमता विकसित होगी।

इंदौर-उज्जैन क्षेत्र में कुल 7 नई पिट लाइनें और 16 नई स्टेबलिंग लाइनों की सुविधा बढ़ाने पर सहमति बनी है जिसके बाद 32 नई ट्रेनों का अवागमन बढ़ जाएगा।

रेलवे पीआरओ ने बताया कि उज्जैन मार्ग पर यात्रा की मांग में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए, अगले 5 वर्षों में प्रमुख शहरों की नई रेल गाड़ियों के संचालन की क्षमता को वर्तमान स्तर से दोगुना करना आवश्यक है।

आगामी वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्तमान बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। वर्ष 2030 तक संचालन क्षमता को दोगुना करने के लिए नियमित रूप कार्य किया जाएगा।

उज्जैन, जो धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है, वहां आगामी सिंहस्थ 2028 को देखते हुए 9 नई स्टेबलिंग/होल्डिंग लाइनों की योजना बनाई गई है। इससे लगभग 11 प्लेटफॉर्म रिटर्न ट्रेनों को खड़ा करने और टर्मिनेट करने की क्षमता विकसित होगी।

साथ ही यार्ड रिमॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक इंटर लॉकिंग का पूरा कर लिया गया है। संभावित अतिरिक?त यात्रियों का समायोजन करने के लिए यात्री होल्डिंग जोन तथा सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा।

---

# भारी भीड़ के कारण कालभैरव मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था बंद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

उज्जैन के श्री कालभैरव मंदिर में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। भीड़ के दबाव को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर में प्रोटोकॉल व्यवस्था को बंद कर दिया है। इस निर्णय के कारण सामान्य दर्शनार्थियों को अब दो घंटे के अंतराल में दर्शन हो पा रहे हैं।

यह भीड़ 25 दिसंबर से ही बनी हुई है, खासकर अवकाश वाले दिनों और शनिवार-रविवार को श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है।



देशभर से आने वाले श्रद्धालु पहले महाकाल मंदिर के दर्शन करते हैं और फिर शहर से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित श्री कालभैरव मंदिर पहुंचते हैं।

मंदिर समिति की प्रशासक संध्या मारकंडे ने बताया- भारी भीड़ के कारण प्रोटोकॉल व्यवस्था 5 जनवरी तक बंद रहेगी। मंदिर की व्यवस्था में लगे राजस्व विभाग के आरआई सुनील बौरासी ने जानकारी दी कि भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर के सामने के मैदान में बैरिकेडिंग बढ़ा दी गई है। पहले दर्शनार्थी सात लेयर की बैरिकेडिंग से होकर मुख्य गेट तक पहुंचते थे, लेकिन अब बैरिकेडिंग मंदिर से दूर पार्किंग के पास से शुरू की गई है।

दर्शनार्थियों के लिए पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था के साथ ही मंदिर प्रांगण में एक मेडिकल टीम भी तैनात की गई है। रविवार को मंदिर मार्ग पर शिप्रा पुल पर जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसके कारण लोक परिवहन के वाहनों ने बाहरी दर्शनार्थियों को केंद्रीय भैरवगढ़ जेल से पहले ही छोड़ दिया।

जिला प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कालभैरव मंदिर में राजस्व अधिकारियों को शिफ्ट के अनुसार तैनात किया है। इसके अतिरिक्त, थाने और पुलिस लाइन से पुलिस बल बढ़ाया गया है, जिसमें लगभग 50 पुलिसकर्मी शामिल हैं। निजी कंपनी के 30 सुरक्षा कर्मचारी भी मंदिर की व्यवस्था में लगाए गए हैं।

उज्जैन
मंगलवार
30
दिसम्बर, 2025

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

को हि भारः समर्थानां किं दूर व्यवसायिनाम्।
को विदेश सुविद्यानां को परः प्रियवादिनम्॥

**अर्थः** सामर्थ्यवान व्यक्ति को कोई वस्तु भारी नहीं होती। व्यापारियों के लिए कोई जगह दूर नहीं होती। विद्वान के लिए कहीं विदेश नहीं होता। मधुर बोलने वाले का कोई पराया नहीं होता।

# इंदौर में दूषित पानी पीने से 35 से ज्यादा बीमार

## अस्पतालों में एडमिट, मंत्री विजयवर्गीय ने जानी हालत, सीएम ने प्रशासन को दिए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में सोमवार को दूषित पानी पीने से 35 से अधिक लोग बीमार हैं। इस क्षेत्र में एक हफ्ते में करीब डेढ़ सौ लोगों को उल्टी, लूज मोशन की शिकायत हुई है। इनमें से कुछ तो एडमिट होकर डिस्चार्ज भी हो चुके हैं।

मामला सामने आने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मामले का तत्काल संज्ञान लिया और प्रशासन को जरूरी निर्देश दिए हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों से बात की है। उन्होंने कहा है कि सभी के इलाज का खर्च प्रशासन वहन करेगा। जिन्होंने पैसे जमा करा दिए हैं उनके पैसे वापस किए जाएंगे।

आशंका है कि वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में हो रही खुदाई में गंदगी मिलने या टंकी का पानी दूषित होने से यह स्थिति बनी है। इसकी जांच की जा रही है। बता दें, इस मामले को लेकर सोमवार को ही कांग्रेस ने वार्ड कार्यालय में प्रदर्शन किया था।





बीमार लोगों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और मतली की शिकायत के बाद नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से 20 से अधिक मरीज वर्मा हॉस्टिपल में भर्ती हैं, जबकि अन्य को त्रिवेणी हॉस्पिटल में एडमिट किया गया। सभी मरीजों की हालत स्थिर है। रहवासियों के मुताबिक लोगों को दूषित पानी से उल्टी, लूज मोशन, बदहजमी होने का सिलसिला 24 दिसंबर से चल रहा है। अब तक करीब 150 लोग बीमार हो चुके हैं। इनमें कई तो विभिन्न अस्पतालों में एडमिट होकर डिस्चार्ज भी हो गए। उन्होंने कहा भागीरथपुरा के नागरिकों से अपील है कि पानी उबालकर ही पिएं और सीधे नल का पानी न लें। अस्पतालों को निर्देश दिए गए हैं कि मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाए, इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। मीना सुनहरे रविवार शाम से बीमार हैं और सोमवार को एडमिट होना पड़ा। उन्होंने बताया कि दो दिनों में ही 50 से ज्यादा लोग बीमार हो चुके हैं और सिलसिला जारी है।

### क्षेत्र में खुदाई या टंकी का दूषित पानी

कुछ रहवासियों का कहना है कि वार्ड और आसपास के क्षेत्रों में खुदाई का काम चल रहा है। आशंका है कि कहीं से ड्रेनेज की लाइन फूटी और यह स्थिति बनी। कुछ लोगों का कहना है कि टंकी से सप्लाय होने वाला पानी दूषित हो गया है जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर जानी स्थिति

सोमवार देर रात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, मेयर पुष्यमित्र भार्गव वर्मा हॉस्पिटल पहुंचे और मरीजों से मुलाकात कर स्थिति जानी।

## 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जब्त, तीनों पर दर्ज हैं कई अपराध

# बदमाशों के पास मिले 68 लाख के जेवरात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के तेजाजी नगर पुलिस ने 3 बदमाशों को पकड़ा है। बदमाशों से करीब 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जब्त की है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया गया था। इसके बाद उनकी निशानदेही पर यह जब्ती हुई है।


सोमवार को डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि तेजाजी नगर पुलिस ने आकाश पिता अर्जुन बघेल निवासी अलीराजपुर, पंकज पिता भाग निवासी टांडा और शेरू पुत्र हरू वसुनिया निवासी टांडा को पकड़ा था। जब्त सोना और चांदी की कीमत 68 लाख से ज्यादा है।

पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने बड़गौदा, पीथमपुर के धार में भी वारदातें की हैं। आरोपियों ने तेजाजी नगर और राजेंद्र नगर के साथ अन्य थानों में भी वारदात की थी।



जिसमें चोरी ओर लूट का माल उनसे जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को लेकर करीब 3 माह से लगातार नजर रखी जा रही थी। जिसमें उनकी घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। आकेश के पास से एक देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस मिले हैं। आकेश पर लूट और डकैती जैसे करीब 7 अपराध कई थानों में दर्ज हैं। वहीं, शेरू पर 6 अपराध दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। आरोपी पकंज को लेकर पुलिस जानकारी निकाल रही है। बाणगंगा में हुई डकैती कांड के आरोपी सोमला गैंग से भी आरोपियों का संपर्क रह चुका है।

## 7 साल की बच्ची को छीनने की कोशिश, मां ने युवक की धुनाई की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में एक युवक ने 7 साल की बच्ची को उसके मां के हाथ से छीनने की कोशिश की। इस पर महिला ने विरोध करते हुए युवक को कॉलर पकड़कर थप्पड़ और मुक्के मारे। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने भी उसकी पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। यह घटना रविवार की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में नशे में धुत युवक महिला और उसकी बच्ची के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करता नजर आ रहा है और बच्ची को अपने पास खींचने की कोशिश करता है। महिला ने पहले खुद उसका सामना किया। फिर युवक की हरकतें बढ़ने पर उसने लोगों से मदद मांगी। इसके बाद भीड़ ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की।

## इंदौर में 31 दिसंबर को लेकर जारी किया पोस्टर, कहा- आएंगे वाहन से, जाएंगे पैदल

# ट्रैफिक पुलिस ने लिखा आप हमारे मेहमान न बनें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर अलग अंदाज में चेतावनी दी है। इसे लेकर एक पोस्टर भी जारी किया है, जिसमें लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान ना बनें। 31 दिसंबर को जहां इंदौर पुलिस मैदान में रहेगी वहीं ट्रैफिक पुलिस के जवान भी जगह-जगह चेकिंग पाइंट पर नजर आएंगे।

शहर के अंदर के साथ ही शहर के बाहर भी चेकिंग चलेगी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा अनोखे अंदाज में दी गई चेतावनी का पोस्टर काफी वायरल भी हो रहा है। पुलिस ने इस पोस्टर के माध्यम से चेतावनी दी है कि नशा करके गाड़ी ना चलाए। जिससे खुद की और दूसरों की जान जोखिम में ना आ जाए।




### कई लोग नशे में चलाते है गाड़ी

बता दें, 31 दिसंबर को कई जगह नए साल के जश्न का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा होटल, बार-पब में भी कई आयोजन होते है। जिसमें कई लोग शराब का सेवन भी करते है। शराब के नशे में लोग गाड़ी ना चलाए और हादसों का शिकार ना हो इसलिए पुलिस जगह-जगह चेकिंग करेगी और नशे में गाड़ी चलाने वालों की गाड़ी जब्त करेगी। बताया जा रहा है कि 500 से ज्यादा पुलिसकर्मी 31 दिसंबर को ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

### ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया चेतावनी का अनूठा पोस्टर

ट्रैफिक पुलिस ने 31 दिसंबर को लेकर एक पोस्टर जारी किया है। जो काफी वायरल भी हो रहा है। इस पोस्टर में लिखा है कोशिश करें, आप हमारे मेहमान न बनें। 31 दिसंबर की रात विशेष संदेश सिर्फ हमारे खास मेहमानों के लिए नशे में वाहन चलाने वाले तेज या लापरवाही से वाहन चलाने वाले स्टंटबाजी कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले आप आएंगे वाहन से, लेकिन जाएंगे पैदल। समय पूरी रात, स्थान नजदीकी पुलिस स्टेशन। इस पोस्टर में ये भी लिखा है कि अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ जश्न मनाएं। स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

## खबर एक नजर...

### दृष्टि रावल इंदौर हाईकोर्ट में गवर्नमेंट एडवोकेट नियुक्त

**इंदौर।** कुछ दिनों पूर्व राष्ट्रपति द्वारा उच्चतम न्यायालय में केंद्र सरकार की ओर से पैरवी करने हेतु नियुक्त पैनल काउंसिल इंदौर निवासी कु दृष्टि रावल को मप्र शासन द्वारा इंदौर हाई कोर्ट में गवर्नमेंट एडवोकेट नियुक्त किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में भारत को जी20 की अध्यक्षता मिलने पर भी दृष्टि रावल को यूथ विंग का सचिव नियुक्त किया गया था। दृष्टि रावल मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष केदार रावल की पुत्री हैं ।



### देपालपुर मिशन जीरो लेगेसी अभियान आज से शुरू

**इंदौर।** देपालपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को देपालपुर मिशन जीरो लेगेसी अभियान की शुरूआत की जाएगी। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अभियान के अंतर्गत देपालपुर की लगभग 2 एकड़ भूमि को जीरो वेस्ट क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। दरअसल, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार, स्वच्छ जोड़ी अभियान के तहत देपालपुर क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और कचरा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम इंदौर द्वारा मंगलवार सुबह देपालपुर मिशन जीरो लेगेसी अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देपालपुर स्थित लगभग दो एकड़ भूमि पर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा, ताकि वर्षों से जमा लेगेसी वेस्ट का पूर्ण रूप से निष्पादन किया जा सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं नागरिकों के लिए उपयोगी बनाना है।

### रक्फमें दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया 22 जनवरी तक

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर-2026) के अंतर्गत मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया जा चुका है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने अपील की है कि वे एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में प्रारूप सूची में अपना नाम अवश्य जांचें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो निर्धारित समय-सीमा में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### इंदौर से इंडिगो एयरलाइंस की 4 फ्लाइट फिर कैंसिल

**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के निरस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी इंडिगो ने इंदौर से दिल्ली और चेन्नई की उड़ानें निरस्त कर दीं। इससे इन उड़ानों में पहले से बुकिंग करा चुके यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन ने यात्रियों को री-बुकिंग और री-शेड्यूल की सुविधा उपलब्ध कराई है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा एक दिसंबर से क्रू की कमी का हवाला देते हुए लगातार उड़ानें निरस्त की जा रही हैं। इस बीच शासन द्वारा लागू नए फ्लाइट टाइमिंग नियमों की अवधि फरवरी तक बढ़ा दी गई है, इसके बावजूद इंडिगो की उड़ानों का निरस्तीकरण जारी है। विमानतल से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो की कुल चार उड़ानें निरस्त की गईं। इनमें दोपहर 12 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली और 12.30 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली उड़ान, वहीं रात 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने वाली और 10.10 बजे इंदौर से चेन्नई जाने वाली उड़ान शामिल हैं।

## खबर एक नजर...

### रीता जोशी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

**उज्जैन** । उज्जैन के प्रतिष्ठित एवं पुराने विद्यालयों में शुमार कालिदास मांटेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो दिवसीय कार्यक्रम ₹कार्निवाल 2025₹ के समापन अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश पांचाल, संस्था अध्यक्ष माणकलाल गिरिया, सचिव यशवंत जैन सहित संचालक मंडल के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रीता जोशी को विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया । उल्लेखनीय है कि श्रीमती रीता जोशी विद्यालय में विगत 20 वर्ष से कार्यरत है, एवं विद्यालय की प्रायमरी, सेकेंडरी आदि कक्षाओं के विद्यार्थियों को कई विषयों पर शिक्षा प्रदान करती आई हैं। इनके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से विद्यार्थियों के साथ ही स्कूल स्टाफ एवं स्कूल प्रबंधन आदि प्रसन्न रहते है ।

उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन की सहृदयता से सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा दी गई सभी प्रस्तुतियां बहुत ही सुंदर और मनमोहक रही। उन्होंने कहा कि सुंदर संचालन, विद्यालय परिसर की सुन्दर सजावट, अनुशासनात्मक व्यवस्था बनाएं रखने में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों योगदान सराहनीय है ।विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सुन्दर प्रस्तुतियों के लिए आत्मीय बधाई ' कार्यक्रम के अंत में संस्था प्राचार्य श्री राजेश जोशी ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

### 40 दिव्यांग बालिकाओं ने महाकाल दर्शन कर किया महाकाल लोक भ्रमण

**उज्जैन।** समग्र शिक्षा अभियान समावेशीत शिक्षा अंतर्गत मायापुरी, हीरामल की चाल स्थित सीडब्ल्यूएसएन बालिका छात्रावास की 40 बालिकाओं को महाकालेश्वर दर्शन एवं महाकाल लोक भ्रमण कराया गया। (दिव्यांग) बालिका छात्रावास संचालक मनोज मालवीय ने बताया कि दर्शन करने वाली बालिकाओं में शामिल मुक बधिर, मानसिक रूप से अविकसित, दृष्टिबाधित बालिकाओं को सांकेतिक भाषा में महाकाल लोक में स्थित प्रतिमाओं की महत्ता एवं जानकारी दी गई।

### उज्जैन मंडी व्यापारी परिवार क्रिकेट टूर्नामेंट में 8 टीमों के बीच हुआ मुकाबला

# फाइनल मुकाबले में विनायक सुपर किंग टीम ने खिताब अपने नाम किया, 15 रोमांचक मुकाबले खेल गए






**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

उज्जैन मंडी व्यापारी परिवार द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य और सफल आयोजन सेकेंड इनिंग्स टर्फ मैदान पर किया गया। इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में मंडी के व्यापारियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल एवं फाइनल सहित कुल 15 रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैचों का सिलसिला सुबह 9 बजे से शुरू होकर देर रात 12 बजे तक चला, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में व्यापारी परिवार एवं क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

राष्ट्र गान और गणेश वंदना के साथ मैच प्रारंभ हुए। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक चिंतामणि मालवीय, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, विशाल राजोरिया तथा प्रेस क्लब उपाध्यक्ष उदय चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस तरह के आयोजनों को आपसी भाईचारे एवं स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अशोक तल्लेरा, दीपक लाठी, आदिश जैन, अनिकेत खंडेलवाल एवं यश गर्ग की विशेष भूमिका रही। वहीं मंडी के अनेक व्यापारियों–निमेष अग्रवाल, गोविंद शर्मा दादा, दिलीप गुप्ता, दिनेश जी भायल, हजारी लाल मालवीय, संदीप सारडा, शैलेन्द्र बुंदेला, राजेश हरभजनका, अनिल जैन, अंतिम जैन, अनिल गर्ग, अतुल खंडेलवाल, संतोष गर्ग, आशीष खंडेलवाल, नारायण खंडेलवाल, हितेश अग्रवाल, समरेश अग्रवाल, राकेश माहेश्वरी, अभिषेक जैन, मनीष जैन, पंकज अग्रवाल, आनंद बडेरा, गौरव सूर्या, हितेश जैन, मयूर जैन, महावीर जैन ,सत्यप्रकाश आर्य, विजेंद्र जैन, राहुल जी शेखावत, श्रेयांश तल्लेरा, अंशुल मेहता, प्रतीक जैन ,अक्षय जायसवाल, कमल पटेल ,अथर्व अग्रवाल, राहुल नवरंग ,योगेश बैरागी , निखिल कुमावत सहित सभी भाइयों ने टूर्नामेंट में जोश और ऊर्जा भर दी।

# 1 जनवरी को साईंबाबा को लगेगा छप्पन भोग, होगी महाआरती

### काकड़ आरती के बाद होगा दुग्धाभिषेक, साईं मंदिर परिसर में होगी भजन संध्या

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

नववर्ष के उपलक्ष्य में अलखधाम नगर स्थित साईं मंदिर में महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा।

दीपक बेलानी ने बताया 1 जनवरी को सुबह सुबह 6 बजे काकड़ आरती के बाद साईं बाबा का दुग्धाभिषेक, पूजन कर आरती की जाएगी। सुबह 10 बजे से ज्वलंत शर्मा, अमित शर्मा की भजन संध्या होगी। इसी बीच 11 से 12 बजे के बीच पत्रकार एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा। वहीं दोपहर 12 बजे भारत माता की महाआरती होगी। शाम को 6 बजे साईंबाबा को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। दीपक बेलानी के अनुसार उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर सेवा सहयोग करने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद रमेश गजरानी, सत्यनारायण शर्मा, सुरेन्द्र मालवीय, विनोद लुल्ला, संजय सोडाणी, रमेश परवाल, हेमेंद्र खंडेलवाल, ट्रस्टी ओम बंसल, पीयूष मालवीय, रिंकू बेलानी, दीपा वासवानी, नेहा मोटवानी, पूजा खेमानी, पलक वाधवानी, कनक चौधरी, बबीता रोचवानी, दीपा खत्री सहित सभी ने 1 जनवरी को सुबह से शाम तक होने वाले आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध भक्तों से किया है।

### 1 जनवरी को मां चामुंडा का होगा हिमालय पर्वत जैसा भविष्य श्रृंगार

# 5 क्विंटल मिठाई का लगेगा भव्य छप्पन भोग

### प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक निरंतर शुद्ध घी के हलवे का प्रसादी वितरण

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

1 जनवरी चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति द्वारा मां चामुंडा को भव्य श्रृंगार कर 5 क्विंटल मिठाई का भव्य 56 भोग लगाकर प्रातः आरती के पश्चात से निरंतर रात्रि 12:00 तक दर्शनार्थियों को शुद्ध घी से निर्मित हलवा प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं 2 जनवरी को 56 भोग प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा माता जी के मंदिर को हिमालय पर्वत का रूप देकर श्रृंगार किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर समिति के संयोजक पंडित शरद चौबे , पुजारी पंडित सुनील चौबे, संरक्षक धीरेंद्र नाहटा ,ओमप्रकाश नाहटा द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।





मां चामुंडा माता मंदिर पर वर्ष भर निरंतर सुबह करीब 800 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन का भी वितरण किया जाता है एवं समिति द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। यह जानकारी चामुंडा माता मंदिर के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह एवं निखिल चौबे द्वारा प्रदान की गई।

# जात हम लोगों ने बनाई, हम लोगों ने भेदभाव खड़े करें- पर्यावरणविद् अशोक मेहता

### आज होगा रुक्मिणी विवाह... रथ से ब्याहने आएंगे कन्हैया

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

यह जो नारा जातपात का कोई भेद नहीं, राष्ट्र एकता में मतभेद नहीं, भारत की संस्कृति और प्रकृति में संयुक्त परिवार का महत्व रहा है और हमारी सबसे बड़ी ताकत अनेकता में एकता रही है, पर कुछ सीलिंग एक्ट की मेहरबानी समझो या समय की मार समझो, हमारे परिवार ही टूट गए, परिवार टूटने के साथ हम लोग सामाजिक स्तर पर बिखर गए अनेक हिस्से में। सामाजिक एकता का नया सबक सबको सिखाना होगा।

यह बात बीमा हॉस्पिटल परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन में इंदौर से पधारे पर्यावरण विद अशोक मेहता ने कही। आपने कहा इंसान की क्या जात है, जात हम लोगों ने बनाई है। हम लोगों ने भेदभाव खड़े करें। जब आप कभी गिर जाते हैं तो आप उठाने वाले से नहीं पूछते हो कि तू कौन है। आप जब डॉक्टर से इलाज करते हो तब नहीं पूछते हो कि भाई तू कौन है। इंसान जब मर जाता है तब शवदाह करने वाले से नहीं पूछता की भाई तू कौन जात का है। आज सबसे बड़ी बेदना यह है कि हम अति विकास की ओर भाग रहे हैं और इस दौड़ में हम असल जिंदगी जीने का तरिका भूलते जा रहे हैं। जात धर्म वर्ग भेद यह सब कार्य प्रणाली का हिस्सा था जिंदगी जीने का नहीं है। हमने उस अपनी जिंदगी जीने की कला को वंचित कर लिया। भारत एक है एक महान देश एक महान संस्कृति और हम इसके हिस्से हैं हमें गर्व होना चाहिये और हमें एक सूत्र में रहना चाहिये। आज जो कथा के माध्यम से इस पवित्र वातावरण में एकता के सूत्रपात के लिए जो आयोजन रखा उसके लिए सभी आयोजक को बहुत-बहुत बधाई।

स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीमा हॉस्पिटल परिसर गाड़ी अड्डा चौराहा आगर रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पांचवें दिवस की कथा में व्यासपीठ से मालवा माटी के युवा संत पंडित अर्जुन गौतम ने गोवर्धन की कथा सुनाई। पूजन के साथ गोवर्धन को छप्पन भोग लगा। कथा में आचार्य अखिलेश महाराज ने कहा कि अन्नदान स्वर्णदान से बड़ा है, जाति हमारी अधर्म और सत्य धर्म पर आधारित है। अगर अधर्मी है तो वह किसी भी जात का हो स्वीकार्य नहीं है, जाति को देखकर नहीं कर्म से महानता मिलती है। धर्मसभा में आये हुए किसी व्यक्ति को न्याय की व्यवस्था सीखना हो तो भगवान राम से सीखे जिन्होंने जनता के लिए अपने परिवार को त्याग दिया। आज कई लोग स्वार्थ सिध्द करने के लिए धर्म का उपयोग कर रहे हैं, जबकि धर्म त्याग, सेवा के लिए होता है, अपने घर भरने के लिए नहीं होता। हिंदू समाज में केवल सनातन को मान्यता है, हमारा सनातन धर्म में अनेकता में एकता का संदेश है। कथा में आरती अशोक मेहता पर्यावरण विद इंदौर, आचार्य अखिलेश महाराज, आचार्य नरेंद्र वैष्णव, पूर्व शहर अध्यक्ष अनंतनारायण मीणा, गोविंद खंडेलवाल, कांग्रेस नेता अजित सिंह ठाकुर, जयप्रकाश जूनवाल, यश कुमावत, विशाल राठौर, गणेश गौड़, कवि नृसिंह ईनाणी, कल्याण राजावत आदि ने की। आज 30 दिसंबर को कथा में रूक्मणी विवाह होगा, धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की बारात निकाली जाएगी। रथ से रूक्मणी को ब्याहने आएंगे कन्हैया।

आज उद्बोधन देने आयेंगे मुंबई से श्री श्री मित्र जीव.

आज मुंबई से उज्जैन पहुंच कर शाम को स्वर्णिम भारत मंच द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं सामाजिक सद्भाव सम्मेलन बीमा हॉस्पिटल परिसर में श्री श्री मित्र जीव अपना उद्बोधन देंगे। जो राष्ट्र को सही कर्म और मैत्री भाव के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के पथ पर एक आगे ले जायेंगे। मैत्रेय दादाश्रीजी के प्रथम शिष्य, श्री श्री मित्र जीव 10 साल प्रोफेसर थे और गत 18 वर्ष से उन्होंने अब तक भारतभर में 300 से अधिक प्रभावशाली सत्रों का संचालन किया है, जिनमें कॉरपोरेट जगत, पुलिस बल, भारतीय सेना, मंदिरों एवं महाविद्यालयों जैसे विविध क्षेत्र सम्मिलित हैं।

## खबर एक नजर...

### श्री राम कथा में हुआ शिव विवाह, भक्त भजनों पर झूमे

**उज्जैन।** श्री नागरिक युवा मंच दमदमा एवं भागवत सत्संग समिति द्वारा दमदमा में आयोजित श्री राम कथा में शिव विवाह हुआ। जिसमें भजनों पर भक्त झूम उठे।

उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि राम कथा के द्वितीय सोपान में पंडित दर्पण शर्मा द्वारा शिव पार्वती विवाह प्रसंग सुनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने शिव पार्वती विवाह में शामिल होकर कथा का श्रवण किया। कथा के मुख्य यजमान कमल विश्वकर्मा एवं भगवती विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्यामा शर्मा है। शिव पार्वती के रूप में माही रैकवार, जया रैकवार ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर संरक्षक राजेंद्र वशिष्ठ, कैलाश मालवीय, राधेश्याम विश्वकर्मा, कलावती जादौन, जियालाल मौर्य, श्रीवास्तवजी, प्रदीप सिंह जादौन, आयुष शर्मा एवं समस्त धन-प्राण जनता उपस्थित थे। आरती के यजमान डॉ. सर्वेश्वर माहेश्वरी एवं डॉ अदिति महेश्वरी थे। कार्यक्रम में भक्तों ने शिव विवाह में बधाई नृत्य एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया गया।

### संयुक्त बैठक में 12 प्रस्ताव पारित, प्रदेशभर में विरोध की तैयारी

**उज्जैन।** नगरकोट माताजी मार्ग स्थित नगर निगम कमेटी हॉल में मप्र युवा शिव सेना गौ-रक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक का प्रमुख विषय रहा महिला थाना प्रभारी मंदसौर रानी बेग पर लगाए गए आरोप और कथित लापरवाही। संगठन का कहना है कि प्रिंस झांझोट प्रकरण सहित विभिन्न मामलों में 10 महीनों से आवेदन, दस्तावेज और निवेदन दिए गए, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी आधार पर कड़ा निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए संगठन ने देशभर में पुतला-दहन, विरोध प्रदर्शन और चरणबद्ध उग्र आंदोलन की घोषणा की। संगठन ने कहा ह्लन्याय और कार्रवाई तक संघर्ष जारी रहेगा, पर आंदोलन मर्यादित और लोकतांत्रिक रहेगा।

अन्य प्रमुख प्रस्ताव में 14 फरवरी 2026 को शहीद दिवस पर तिरंगा यात्रा और श्रद्धांजलि सभा। तथाकथित लव-जिहाद के विरुद्ध जन-जागरूकता और आंदोलन। राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान शुरू करना। शिप्रा और गंभीर नदी में अवैध उत्खनन व जल-चोरी के खिलाफ आंदोलन। महाकाल क्षेत्र के आसपास प्रतिबंधित मांस विक्रय पर सख्त रोक की माँग। होटल लॉज में सुरक्षा नियमों और पहचान की अनिवार्यता। अवैध घुसपैठियों पर कार्रवाई। देवी-देवताओं के चित्रों का विज्ञापनों और पैकिंग में उपयोग बंद करने का अभियान आदि प्रस्ताव शामिल रहे। बैठक में मप्र युवा शिव सेना गौ-रक्षा न्यास संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान, हेमलता तोमर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, कार्य अध्यक्ष हरी माली, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राहुल मौणावत, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कैलाश चावण, केंद्रीय संगठन मंत्री मुकेश कुमावत, गोकुल सिंह दरबार, ओम प्रकाश बामनिया, इंदौर जिला अध्यक्ष योगेश मराठा, विश्वास सिंह चौहान आदि मौजूद थे।

# मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की शपथ ली

### पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत ने भगवान झूलेलाल को लगाए छप्पन भोग, महाआरती की

### वार्षिक पारिवारिक स्नेह सम्मेलन में समाजसेवी दिलीप धनवानी, हर्षिता धनवानी दंपत्ति सिंधु रत्न से सम्मानित





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पूज्य सिंधी भाई बंध पंचायत उज्जैन का वार्षिक स्नेह सम्मेलन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक घनश्याम दासवाणी एवं सुरेश पुर्सवानी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल जैन कालूखेड़ा विधायक उज्जैन उत्तर थे। अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष समाजसेवी दौलत खेमचंदानी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल की महाआरती से किया गया। जिसमें भगवान को छप्पन भोग लगाएं गए। कार्यक्रम में चेयर रेस, कपल गेम, फैंसी ड्रेस, सोलो डांस कंपटीशन, क्रिकेट मैच, बैडमिंटन मैच एवं कई मनोरंजक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध समाज सेवी दिलीप धनवानी एवं शिक्षाविद हर्षिता धनवानी को समाज के प्रतिष्ठित सम्मान सिंधु रत्न 2025 से सम्मानित किया गया। नारी उत्थान हेतू किए गए समाज सेवा कार्य हेतु राजकुमारी खेमचंदानी, उषा शेवारामानी, जया थानी को स्वर्गीय श्रीमती यशोदा देवी कोटवानी समाज सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। अमित सचदेव को खेलकूद में योगदान देने हेतु, भगवान शेवानी को वित्तीय सेवा में योगदान देने हेतु, कमल मोटवानी को मीडिया के क्षेत्र में योगदान देने हेतु सिंधु भाई बंध रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। मंगल कलश गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठजन सम्मान झामनदास साहितानी, अशोक हरपालानी, लीलाराम चंदनानी, दिलीप मटाई, देवी आसवानी, पूनम लखवानी को सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत मुरलीधर कोटवानी, वासुदेव आलवानी, प्रकाश थानी, नरेश धनवानी, नरेश मूलचंदानी, ओमप्रकाश खेमानी, भारती खेमचंदानी, बिंदिया बालवानी, प्रेरणा पमवानी, घनश्याम पेशवानी, लीजा चंदनानी ने किया। विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के आह्वान पर सभी ने मोबाइल का कम से कम उपयोग करने की शपथ ली एवं एस आई आर फॉर्म पूर्ण रूप से भरने की शपथ लिया। संचालन सचिव वीर कुमार मामनानी, भूमि मुलचंदानी, साक्षी शेवारामानी ने किया।

### महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्ज्वला शर्मा, चंद्रकला उईके का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

# मानव सेवा करने वाले व्यक्तित्व को दिल से सलाम- मंसूरी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सेक्टर चिंतामण जवासिया की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्वला शर्मा व चंद्रकला उईके 35 साल की बेदाग सेवा देते हुए 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत हुए जिनका सम्मान समारोह 29 दिसंबर को चौकसे धर्मशाला चिंतामण जवासिया में आयोजित किया गया।

न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, प्रदीप बैरागी, चंदन सिंह हाडा, बीसीएम हिना खान, राकेश सोनी, स्वाती अरोनिया, मुसेफ अली, अमृतलाल देवड़ा, वर्षा धवन, पुष्पा वर्मा, योगेश यादव, किरण मालवीय, नारायण सिंह आंजना आदि के नेतृत्व में संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, जिला अध्यक्ष एस पी अहिरवार, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओपी यादव के मुख्य आतिथ्य में सेक्टर अधिकारी डॉ अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्वला शर्मा व चंद्रकला उईके का स्वागत कर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। स्वागत भाषण डॉ नूपुर चौहान ने दिया। सेक्टर अधिकारी डॉ अभिनव तिवारी व मेडिकल ऑफिसर डॉ नीरज नागर ने उज्वला शर्मा चंद्रकला उईके के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने कर्तव्य के प्रति सदैव ईमानदार रही।

संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी ने संबोधित करते हुए कहा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य को प्रथम मानते हुए सुबह उठते ही मरीज की सेवा करना पहला और आखिरी आदर्श मानकर कार्य को गति देती रही। ऐसे राष्ट्रीय हित में मानव सेवा करने वाले व्यक्तित्व को दिल से सलाम, हृदय से सम्मान। इधर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार ने कहा इनका सौम्य व्यवहार भी जग जाहिर है। जिला अध्यक्ष एस पी अहिरवार ने कहा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने अपने कार्यकाल में सदैव सभी कर्मचारियों से स्नेह पूर्वक व्यवहार किया जो उनकी कुशलता का परिचायक है।

### शास्त्रीनगर मैदान में प्रारंभ हुई संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर मैदान में 29 दिसंबर से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ हुई। जो 4 जनवरी तक चलेगी। कथा में कथावाचक पं. विनोद शर्मा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। संरक्षक ललित लुल्ला के अनुसार समाजसेवी महेश परियानी की प्रेरणा से हो रही इस कथा में प्रथम दिन जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, विनोद लुल्ला, महेंद्र कटियार, योगेश मीणा, शशांक चंदेरी द्वारा व्यासपीठ का पूजन किया गया। इस दौरान दीपा वासवानी, राखी श्रीवास, नेहा मोटवानी, योगीता बुंदेला, रिंकू बेलानी, कनक चौधरी, दीपा खत्री, सोनिया शर्मा, बबीता रोचवानी, पूजा खेमानी, कनक वाधवानी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।

# सेल्स संगठन के पारिवारिक मिलन समारोह में किया प्रतिभा सम्मान

### चेयर रेस, चम्मच रेस के साथ हुई नृत्य प्रतियोगिता, विजेताओं को किया पुरस्कृत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मध्यप्रदेश सेल्स संगठन उज्जैन द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में सर्वप्रथम बच्चों एवं महिलाओं की चेयर रेस, चम्मच रेस भूपेंद्र निगम, अदिति परिहार एवं मनीष अवस्थी के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। तत्पश्चात संगठन के अध्यक्ष अजयप्रकाश गुप्ता, रितेश जोशी, रुद्रप्रताप अरोरा, अंकित ठाकुर, हरपालसिंह चौहान द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रजवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शुरूआत की। जिसके अंतर्गत ओमिका त्रिवेदी ने गणेश वंदना एवं प्रतीक निगम ने तबला वादन, आराध्या राठौर, अंशिका वारे यानशिका सेंगर, मधुर श्रीवास्तव ने नृत्य, डांस की प्रस्तुति दी। सेल्स मार्केटिंग में उपलब्धि हासिल करने पर वरिष्ठ सदस्य रुद्रप्रताप अरोरा, अजय खंडेलवाल का शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मान संगठन कार्यकारिणी द्वारा किया गया। एमरस ब्राइट विजन के रितेश जोशी, हर्षा जोशी एवं सिमरन रवि रोहरा का सम्मान संगठन के अध्यक्ष अजयप्रकाश गुप्ता, सुनीता परिहार व साधना मेहता द्वारा किया गया। संस्था द्वारा कक्षा नर्सरी से 10वी तक के बच्चों को शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा 11वी से स्नातक एवं मां अन्नपूर्णा खेल पुरस्कार स्व. श्री विद्यासागर जी गुप्ता की स्मृति में सो. कविता-ओमप्रकाश गुप्ता, सो. अंजना-उमेश गुप्ता द्वारा सभी 35 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। चेयर रेस, चम्मच रेस एवं नृत्य प्रतियोगिता के पुरस्कार कार्यकारिणी सदस्य पदमसिंह परिहार, दीपक श्रीवास्तव, मुकेश भावसार, प्रवीण शर्मा, नरेश भावसार, विजय वारे, योगेन्द्र तिवारी द्वारा पुरस्कृत किया। संगठन द्वारा सभी परिवार को उपहार प्रदान किए गए। मंच संचालन एवं आभार प्रर्दशन गिरीश मेहता ने किया। उपरोक्त जानकारी संगठन के सचिव मनीष अवस्थी द्वारा प्रदान की गई।

# मालवी और भिलाली केन्द्रित दो पुस्तकों का लोकार्पण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के हिंदी अध्ययनशाला की आचार्य एवं वरिष्ठ भाषा विज्ञानी प्रो. गीता नायक की मालवी और भिलाली केंद्रित दो पुस्तकों का प्रकाशन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा किया गया है। सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सूरत के सभागार में दोनों पुस्तकों का लोकार्पण शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी ने किया। लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि देश की आंचलिक बोलियों को विलुप्तता से बचाने का कार्य हम सभी का है। भारतीय भाषाओं के साथ देश की विभिन्न अंचलों की बोलियों का संरक्षण आवश्यक है। इन पुस्तकों के माध्यम से डॉ नायक ने मालवी और भिलाली के माध्यम से एकात्मक दृष्टि को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया है। हम उन्हें साधुवाद देते हैं। विकसित भारत में शिक्षा का योगदान विषयक न्यास की राष्ट्रीय शैक्षिक कार्यशाला में लोकार्पण कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत के निदेशक प्रो.अनुपम शुक्ला, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. किशोर सिंह चावड़ा एवं गुजरात साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. जयेंद्र सिंह जाधव मंचासीन थे।


पश्चिम रेलवे इंदौर ⇌ मुंबई सेंट्रल के बीच विशेष ट्रेन के फेरे बढ़ाएगा

| ट्रेन क्र. | प्रारंभिक स्टेशन व गंतव्य | सेवा के दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|
| 09086 | इंदौर - मुंबई सेंट्रल | मंगलवार, गुरुवार और शनिवार | 31.01.2026 |
| 09085 | मुंबई सेंट्रल - इंदौर | सोमवार, बुधवार और शुक्रवार | 30.01.2026 |

स्टॉपेज, ठहराव के समय और संयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ऊपर बताई गई ट्रेन की बढ़ी हुई ट्रिप के लिए बुकिंग 30.12.2025 से सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर शुरू होगी। यह ट्रेन स्पेशल किराए पर स्पेशल ट्रेन के तौर पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें :: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें :: X.com/WesternRly
हमें फॉलो करें :: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

## खबर एक नजर...

### प्रकृति घाटिया का सिविल जज बनने पर कन्या विद्यालय में किया सम्मान

पिपलिया मंडी। स्थानीय शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री उमाशंकर पांडे के मार्गदर्शन में तथा नगर को गौरवान्वित करने वाली सिविल जज बनी प्रगति घाटिया के मुख्य अतिथि में एवं सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष श्रीमती बंटू भूत के अध्यक्षता में आयोजित विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन विद्यालय की बालिकाओं द्वारा मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान प्रगति घाटिया का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पमाला एवं प्रतीचिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इस दौरान बाजार व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील घाटिया, वरिष्ठ पत्रकार बाबूलाल नागर, अध्यापकगण दशरथ सिंह चंद्रावत, घनश्याम पाटीदार, दिनेश कुमार, वासुदेव सोलंकी, मोहन परमार, कन्हैया लाल पाटीदार, महेंद्र राठौर, श्रीमती निशा पाटीदार, सीमा घाटिया, श्रीमती मोना सेठिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन श्री किरण वर्मा, श्री दिनेश गवारिया ने किया।

### रणजीत सिंह शक्तावत ने गोपाल कृष्ण गौशाला में 11 हजार रु. का दिया दान

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खड़पालिया में गोपाल कृष्ण गौशाला में आयोजित भागवत कथा में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत 29 दिसंबर को उपस्थित हुए जहां पर कुंवर शक्तावत ने भागवताचार्य पंडित अर्जुन भारद्वाज को पुष्पाला पहनाते हुए सम्मान किया। तत्पश्चात भागवताचार्य पंडित अर्जुन जी भारद्वाज ने कुंवर शक्तावत को धर्म दुपट्टा पहनाते हुए स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर कुंवर शक्तावत ने गौशाला में गौ माता की सेवा एवं गौ उत्थान के लिए ग्यारह हजार रुपए का दान देने के साथ ही साथ इस प्रकार के धार्मिक आयोजन करने पर आयोजन समिति को धन्यवाद व्यापित किया। आपने अपने उद्बोधन में कहा कि यहां उपस्थित समस्त माताओं बहनों एवं बुजुर्ग भाइयों के चरणों में नतमस्तक होते हुए निवेदन किया की जहां पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन होते हैं वहां हमेशा शांति और समृद्धि रहती है और उस गांव,उस शहर से कभी भी किसी भी बुजुर्ग माताओ,बहनों और वृद्धो को वृद्धा श्रम जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

### महिला कांग्रेस ने उन्नाव कांड के दोषी की जमानत का विरोध किया

मन्दसौर। जिले के संजीत ब्लॉक में महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रूपल संचेती के नेतृत्व में उन्नाव में बलात्कार एवं हत्या के दोषी भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को मिली जमानत के विरोध में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना तीव्र आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन के पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषी को कठोरतम सजा दिलाने एवं जमानत निरस्त करने की मांग की गई।

#### मल्हारगढ़ विस में 32 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने की घोषणा- एक वर्ष में चंबल नदी का पानी सीधे खेतों में पहुंचेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिपलिया कराड़िया में लगभग 21 करोड़ रुपये व ग्राम राणाखेड़ा में लगभग 11 करोड़ कुल 32 करोड़ की लागत से किए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इस दौरान श्री देवड़ा ने कहा कि आने वाले एक वर्ष में मल्हारगढ़ सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के माध्यम से हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। इससे किसानों को बिजली की समस्या से भी राहत मिलेगी और सीधे चंबल नदी का पानी खेतों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गांव जब आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी भारत आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता अभियान में सहभागी बनाने



तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

श्री देवड़ा ने 2 करोड़ 78 लाख रु. की लागत से लोध से भूखी बुजुर्ग व्हाया बर्डियाफंटा मार्ग का भूमिपूजन, 6 करोड़ 64 लाख रु. की लागत से लच्छाखेड़ी से ईशाकपुरा बांसखेड़ी फंटा पहुंच मार्ग (व्हाया रठाना) का लोकार्पण तथा 91 लाख 13 हजार रु. की लागत से रूपावली से भटाना मार्ग का लोकार्पण किया गया। साथ ही 65 लाख रु. की लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर पालड़ी का लोकार्पण, ग्राम कमालपुरा, बिलात्री एवं राणाखेड़ा में आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण तथा ग्राम पंचायत बिलात्री में मांगलिक भवन का भूमिपूजन किया गया। साथ ही करोड़ 7 लाख रु. की लागत से निर्मित पिपलिया कराड़िया गांव से हाईस्कूल पहुंच मार्ग तथा 1 करोड़ 77 लाख रु. की लागत से निर्मित खण्डेरियामारू से नावनखेड़ी मार्ग का लोकार्पण किया गया। वहीं 7 करोड़ 86 लाख रु. की लागत से लिलदा से नाहरगढ़ पित्याखेड़ी मार्ग का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही 6 करोड़ 90 लाख 97 हजार रु. की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सुरी तथा 1 करोड़ 99 लाख 90 हजार रु. की लागत से निर्मित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपलिया कराड़िया का लोकार्पण किया गया। ग्राम पाल्यामारु एवं ग्राम लीलदा में 65-65 लाख रु. की लागत से निर्मित दो आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण भी उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एमआर यूनियन की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी गठित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

मध्य प्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटिटिव यूनियन कि मंदसौर शाखा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें नई कार्यकारिणी भी सर्वसम्मति से गठित की गई। बैठक में अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने कहा कि सरकार से हमारी मांग है चार श्रमिक कानूनों को निष्क्रिय कर पुराने कानूनों को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए। सचिव मयंक चुनकर ने कहा कि हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। निजी फार्मा कंपनियों द्वारा सेल्स के नाम पर प्रताड़ित किया जाता है। यूनियन के कोषाध्यक्ष कमलेश कच्छावा ने 2024 का लेखा जोखा पेश किया। चुनाव अधिकारी हरीश मलासिया और प्रोसिडिंग अधिकारी अनिल शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से घोषित कार्यकारिणी में अध्यक्ष दिनेश चंदवानी, सचिव उपेन्द्र रॉय, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष मयंक चुनेकर, दो सहसचिव लोकेंद्र जैन व संदीप भावसार, कौंसिल कन्वीनर अश्विनी तिवारी सहित कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए। 10 व 11 जनवरी को बैतूल में होने वाले बयालीसवें राज्य सम्मेलन में जाने के लिए प्रतिनिधियों का चयन भी किया गया।

### किसान भाई 31 दिसंबर तक फसल बीमा कराएं

**रतलाम।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2025-26 हेतु योजना के क्रियान्वयन के लिये शासन द्वारा जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड का चयन किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 है। जिस बैंक से किसान का किसान क्रेडिट कार्ड बना है वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण पत्र, एवं पटवारी हल्के की जानकारी, किसान संबंधित बैंक में जाकर अद्यतन कराएं। अऋणी व डिफाल्टर किसान अंतिम तिथि का इंतजार ना करते हुए अपने पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक एवं ग्राहक सेवा केन्द्र में फार्म जमा कराऐ ताकि उनकी फसलों का फसल बीमा योजना के तहत हो सके। फसल बीमा कराने के लिये बीमा प्रस्ताव पत्र, भू-अधिकार पुस्तिका की फोटोकॉपी, बोनी का प्रमाण पत्र, संबंधित आधार कार्ड, मोबाईल नंबर व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लेकर जाऐं।

# नववर्ष को लेकर उज्जैन जोन एडीजीपी उमेश जोगा ने आज रतलाम में की समीक्षा बैठक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

आगामी नववर्ष के दृष्टिगत जिले में कानून-व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर उज्जैन जोन के एडीजीपी उमेश जोगा ने सोमवार को रतलाम पहुंचकर पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रतलाम रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) निमिष अग्रवाल, एसपी अमित कुमार सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

एडीजीपी श्री जोगा ने वर्ष 2025 के दौरान जिले की कानून-व्यवस्था, गंभीर एवं लंबित अपराधों और की गई पुलिस कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नववर्ष के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, भीड़भाड़ वाले आयोजनों की सुरक्षा तथा असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखने के स्पष्ट निर्देश दिए।



शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश। डायल-112 पर प्राप्त कॉल पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश। थानों में दर्ज शिकायतों का संवेदनशीलता व प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश।

लंबित प्रकरणों व चालानों का शीघ्र निराकरण तथा आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु वाहन चेकिंग अभियान तेज करने के निर्देश प्रमुख मार्गों व चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों के पालन हेतु जनजागरूकता अभियान क्षेत्र में नियमित भ्रमण एवं जनसंवाद बढ़ाने के निर्देश दिये। रात्रि में सघन चेकिंग व गश्त बढ़ाई जाए नशे में वाहन चलाने, तेज रफ्तार व नियम उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई संवेदनशील स्थानों व प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती बाजार, होटल, रिसॉर्ट, मंदिर व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी सूचीबद्ध बदमाशों व अशांति फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी।

### 30 दिसंबर को नीमच में शांतिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शन

नीमच। अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण एवं बचाव के उद्देश्य से क्षेत्र की अग्रणी साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था कृति द्वारा अरावली पर्वत बचाओ अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 दिसंबर को दोपहर 4 बजे, 40 भारत माता चौराहा, नीमच पर एक शांतिपूर्ण पोस्टर प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अक्षय राजपुरोहित, ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला केवल एक भौगोलिक संरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र के जलवायु संतुलन, भूजल संरक्षण, जैव-विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जीवनरेखा है।

# दशहरा मैदान में शौर्य सभा व संचलन का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा रविवार को नीमच के दशहरा मैदान में भव्य शौर्य सभा व शौर्य संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं रामदरबार के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने रखी उन्होंने कहा कि बजरंग दल समाज के बीच यह संदेश देता है कि जब तक बजरंगी है, जब तक बजरंग दल है, किसी भी जिहादी या विधर्मी से डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई विधर्मी षड्यंत्र करता है, चाहे वह लव जिहाद हो, लैंड जिहाद हो या किसी भी प्रकार का जिहाद, तो बजरंग दल अपने हाथ



में दंड लेकर समाज को आश्वस्त करता है कि हम उनकी और हमारी गौ माता की रक्षा के लिए तत्पर हैं।

श्री झाला के उद्बोधन के पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कवि एवं प्रांत विमर्श प्रमुख मुकेश मोलवा ने कहा गुरु तेगबहादुर के बलिदान के 350 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और यह बलिदान आज भी राष्ट्र को प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि बजरंग दल राष्ट्र शक्ति के रूप में सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रहा है, उन्होंने इतिहास के महान नायकों का स्मरण करते हुए कहा कि चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त, विक्रमादित्य, यशोधर्मा, बाजीराव, रविदास, रामप्रसाद बिस्मिल, केशव और माधव हमारे आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मथुरा में कन्हैया और काशी का आह्वान होगा, देश का युवा संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। गौ, गंगा, गायत्री और गीता की रक्षा का संकल्प दोहराया। इतिहास से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने पृथ्वीराज चौहान और स्कंदगुप्त के शौर्य का उल्लेख किया और कहा कि इन वीरों का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। धर्मो रक्षति रक्षितः' और 'सेवा, सुरक्षा, संस्कार' के आदर्शों पर चलने वाला यह बजरंग दल का कार्यकर्ता है। बजरंग दल राष्ट्र की शक्ति है, बजरंग दल राष्ट्र की चेतना है, बजरंग दल हिंदू समाज का सुरक्षा कवच है।

### इनोवेशंस एंड स्टार्ट अप विषय पर हुआ सेमीनार

**मंदसौर।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,मंदसौर में वाणिज्य विभाग द्वारा ज्नोवेशंस एंड वन स्टार्टअप्ज विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सी.ए. सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि स्टार्टअप शुरू करने से पहले एक यूनिक आइडिया होना चाहिए, इसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके अंतर्गत सरकारी अनुदान भी प्रदान किया जाता हैं। डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया गया कि हमें नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए। प्राचार्य जे.एस. दुबे द्वारा विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. आरती पडियार द्वारा किया गया।

# मन की बात जन-जन की आवाज बन देश की पहचान बनी 129वें एपिसोड को बूथ अध्यक्ष के नाम किया समर्पित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ शुजालपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय जनसंवाद कार्यक्रम मन की बात के 129वें एपिसोड का श्रवण रविवार प्रातः 11 बजे शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में सादगी, अनुशासन एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ किया गया। यह आयोजन विधानसभा क्षेत्र के एक बूथ अध्यक्ष गोपीलाल लाखा के विगत दिनों के आकस्मिक निधन के कारण पूर्णतः संयम, संवेदना एवं श्रद्धांजलि भाव के साथ संपन्न हुआ। विधानसभा शुजालपुर के बूथ क्रमांक 1 किठोर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष विष्णु लाखा की उपस्थिति मन की बात कार्यक्रम के प्रारंभ में दिवंगत बूथ अध्यक्ष की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर मंत्री परमार सहित समस्त कार्यकताओं ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकसंतप्त परिवार को धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होता है और उनका समर्पण ही पार्टी की वास्तविक शक्ति है उन्होंने दिवंगत कार्यकर्ता के संगठन के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सेवा, निष्ठा और कर्तव्य भावना ही किसी कार्यकर्ता की सच्ची पहचान है और यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है। परमार ने यह भी कहा कि शुजालपुर विधान सभा के प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को दिवंगत बूथ अध्यक्ष को समर्पित करते हुए बूथों पर यह कार्यक्रम सादगी के साथ देखा व सुना जा रहा है।

भाजपा मीडिया प्रभारी एवं पूर्व पार्षद पं. प्रवीण जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर मंडल के सभी बूथों सहित शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के 263 बूथ पर मन की बात को देखा व सुना गया। शोक की भावना को दृष्टिगत रखते हुए सभी स्थानों पर कार्यक्रम अत्यंत सादगी, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ संपन्न किए गए। कार्यक्रम की सहभागिता से संबंधित आवश्यक जानकारी संगठनात्मक निदेशों के अनुरूप संगठन एप पर भी अपलोड की गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में देश के जांबाज नागरिकों, समाज में हो रहे सकारात्मक नवाचारों तथा सामान्य जन के छोट-छोटे प्रयासों से हो रहे बड़े परिवर्तनों की प्रेरक चर्चा की। उनके शब्दों में निहित सेवा, कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव इस अवसर पर और भी अधिक भावनात्मक प्रतीत हुआ, जिसने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को आत्ममंथन और प्रेरणा का संदेश दिया। यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण बना कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा राष्ट्रीय संवाद है, जो सुख और दुख दोनों परिस्थितियों में समाज एवं संगठन को एक सूत्र में बांधने की सामर्थ्य रखता है।

## कांग्रेस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस गौरवमयी आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 141 में स्थापना दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महिदपुर, झारडा गोगापुर एवं शहर कांग्रेस द्वारा संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया।

स्थानीय राजपूत धर्मशाला में विधानसभा स्तर के कार्यकताओं को आमंत्रित कर कांग्रेस जिला अध्यक्ष व विधायक महेश परमार एवं क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व कार्यकताओं का जिलाध्यक्ष व विधायक द्वारा शाल एवं पुष्प माला से सम्मान अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश परमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का इतिहास गौरव पूर्ण रहा है। देश को आजाद करने से लेकर देश को विकास की राह पर आगे ले जाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसको इस देश की जनता कभी भूल नहीं सकती है। आज हम लोग गर्व महसूस करते हैं कि उस गौरवमयी इतिहास रखने वाले संगठन के सदस्य और कार्यकर्ता है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस ने कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सर्वहारा वर्ग की लड़ाई लड़ते हुए देश को आजाद करने से लेकर विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके लिए यह देश और उसकी जनता सदैव भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रति कृतज्ञ रहेगी। हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं कि हमें ऐसा संगठन मिला है ।

कार्यक्रम को जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चैन सिंह चौधरी, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, जिला संगठन मंत्री राजेंद्र व्यास, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र मंडोरा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षद्वय कैलाश बगाना, भारत शर्मा, कमलसिंह चौहान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश सचिव नागुलाल मालवीय, यूंका अध्यक्ष शैलेंद्र डोडिया आदि नेताओं ने संबोधित किया।

## कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 6 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर एवं अंचल के ग्रामीण क्षेत्रो में इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में है। उत्तरी हवाओं और शीतलहर के कारण शनिवार-रविवार रात का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया। जिसे इस सीजन की सबसे ठंडी रात माना गया। इससे एक दिन पहले शुक्रवार-शनिवार रात को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा था। कडाके की सर्दी ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। रविवार सुबह शहर के कई इलाकों में पेड-पौधों, खेतों की घास और वाहनों के कांचों पर कोहरे की परत जमी हुई दिखाई दी। सर्द हवाओं के कारण सुबह देर तक शहर की सडकों पर सन्नाटा पसरा रहा।

## विशेषज्ञ बोले- अगले एक हफ्ते तक रहेगी कड़ाके की ठंड

ठंड से बचाव के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा लेते दिखे, लेकिन ठिठुरन से खास राहत नहीं मिली। मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि अगले एक हफ्ते तक इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। हालांकि, आने वाले दिनों में रात के न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता 32 प्रतिशत रही, जबकि उत्तर-पूर्वी दिशा से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं।



## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए शिक्षक

**सारंगपुर।** राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के तत्वाधान में अम्बेडकर पार्क भोपाल में 9 मांगो को लेकर आयोजित संघ के आंदोलन में सारंगपुर संगठन के शिक्षक एवं पदाधिकारी शामिल हुए। सारंगपुर से ब्लॉक अध्यक्ष हरिनारायण सेन ने बताया कि हमारे मांग है प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता बहाली, ई अटेंडेंस जैसी अव्यावहारिक व्यवस्था समाप्त किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, अतिथि शिक्षकों को गुरुजियों की भांति नियमित किया जाए एवं अनुकम्पा नियुक्ति नियमों को शिथिल किए जाने सहित नौ सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके परराजगढ़ से जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी, सत्यनारायण बैरागी, योगेन्द्र मंडलोई, मुकेश विजयवर्गीय, श्याम वर्मा, साँगपुर से ब्लॉक अध्यक्ष हरिनारायण सेन के साथ संकुल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष शामिल रहे।

## मध्यभारत खो खो टीम में सारंगपुर के एक खिलाड़ी का चयन



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय खो खो 17 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता जो बैंगलोर मे आगामी 31 दिसंबर से 4 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भाग लेगा। खो खो संघ राजगढ़ सचिव भारत भेरवे ने बताया कि खिलाडी अभिनव सिंह जादौन का चयन 44 वी जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता बैंगलोर मे आयोजित होंगी। मध्यप्रदेश शासन के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, वरिष्ठ नेता भाजपा निर्मल जैन, मध्यभारत खो खो संघ सचिव नितिन कोठरी, जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र परमार, जिला खेल अधिकारी शमीर्ला डावर ने बधाई दी। इस अवसर पर भारत भेरवे, लाल सिंह लोधा, नीलेश गोड़, रोबिन राजू, नमन गुप्ता, महिमा पाटीदार, अर्चना ठाकुर, प्रियांशु भेरवे, निखिल भैरवे, तोहिद खान, राहुल गौड़ आदि उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र सेनानी शंकरसिंह चंदेल को राजकीय सम्मान के साथ दी विदाई

**सारंगपुर।** क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी लोकतंत्र सेनानी एवं मीसाबंदी रहे शंकर सिंह चंदेल का शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात निधन हो गया। शनिवार को उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. चंदेल ने देश की आजादी की लडाई में सक्रिय भागीदारी निभाई थी तथा आपातकाल के दौरान मीसाबंदी रहते हुए लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनकी शव यात्रा ग्राम धनोरा में उनके निवास से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई मुक्तिधाम पहुंची। तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर पर ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्यमंत्री डा. गौतम टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, सरपंच तेजसिंह राजपूत, महेश पुष्पद, किशोर सिंह पाटीदार सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों सहित बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भारत में सभी धर्मावलंबी प्रेम व सद्भाव से जीवन यापन करते है-जॉनसन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा क्रिसमस शुभकामना समारोह सर्वधर्म समभाव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, जैन धर्म के विद्वान वक्ताओं एवं अतिथियों ने कहा कि सभी धर्मों का संदेश मनुष्य को सद्गुण संपन्न बनाना हैं प्रभु यीशु ने भी यही संदेश दिया हैं।

निजी स्कूल के प्रधान फादर जॉनसन ने कहा कि प्रेम, सेवा व करूणा मानव धर्म है जो प्रत्येक मनुष्य को अपनाना है वह चाहे जिस धर्म पंथ का अनुयायी हो। आपने कहा कि भारत में सभी धर्मावलंबी प्रेम व सद्भाव से जीवन यापन करते है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। प्रमुख वक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मैत्री भाव, करूणा भाव, प्रमोद भाव व मध्यस्थ भाव अपनाकर श्रेष्ठ चरित्र का निर्माण किया जा सकता है। वरिष्ठ साहित्यकार श्री गोपाल बैरागी ने कहा कि धर्म कभी भी आपस में बैर करना नहीं सिखाता है। कतिपय लोग स्वार्थ वश धर्म के आधार पर भेदभाव पैदा करते है किन्तु भारतीय संस्कृति में विद्यमान प्रेम, सद्भाव व एकता की जड़ गहरी है। पं. देवेश्वर जोशी, राजेन्द्र छाजेड़, इस्माइल मंसूरी, त्रिलोचनसिंह छाबड़ा ने हिन्दू, जैन, इस्लाम व सिख धर्म परम्परा के दर्शन का उल्लेख किया। प्रकाश दीक्षित, कृष्णकांत जोशी, प्रकाश कल्याणी, मोहनसिंह चौहान ने सहभागिता की। संचालन रमेश ब्रिजवानी ने व आभार प्रदर्शन विनोद शर्मा ने किया।

## यातायात थाना परिसर में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल , अति. पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्री किरण चौहान के निर्देशन में दिनांक 28 दिसम्बर को थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर , मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल के आदेशानुसार नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता मैडम एवं उनकी टीम द्वारा थाना यातायात परिसर में ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण रखा गया जिसमें करीब 100 ऑटो चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया नेत्र परीक्षण के दौरान जिन चालकों के ऑखो में समस्या पाई गई उन्हे जिला अस्पताल जाने की सलाह दी गई एवं नेत्र परीक्षण के दौरान ऑटो चालकों को चालक वर्दी धारण करने , अपने ऑटो के कागजात रखने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया ।

## हिन्दू सम्मेलन हेतु सकल हिन्दू समाज द्वारा ध्वज स्थापना एव भूमि पूजन

**ब्यावरा।** आगामी 11 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए सकल हिन्दू समाज द्वारा श्री अंजनीलाल धाम पर ध्वज स्थापना एव भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के अवसर पर भागवताचार्य पंडित सतीश नागर ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठित समाज ही शक्तिशाली समाज बन सकता है हिन्दू समाज भारत की आत्मा है। जातिगत भेद भाव मिटाकर राष्ट्र एव सनातन धर्म के लिए हिन्दू समाज को एक होकर आगे आना होगा। 11 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या हिन्दू समाज हिन्दू सम्मेलन में भाग लेगा। इस अवसर पर कथा प्रवक्ता सतीश नागर, भागवताचार्य अजय तिवारी, द्वय के पावन सानिध्य एव श्रीअंजनीलाल मंदिर पर सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति में भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

## श्री चित्रगुप्त मन्दिर में महिला चित्रांश शक्ति द्वारा संध्या सक्सेना को अध्यक्ष चुना

**ब्यावरा।** श्री चित्रगुप्त मन्दिर ब्यावरा जिला राजगढ़ मे गत दिनो समाज अध्यक्ष के दीपक सक्सेना, अखिल भारतीय कायस्थ महापरिषद प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अशोक सक्सेना, भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना मंडी सामाजिक कार्यकर्ता श्याम भटनागर के सानिध्य में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसमे समाज के प्रत्येक परिवार ने महिला शक्ति के साथ अपनी उपस्थिति दर्जकर कड़कड़ाती ठंड के मौसम मे उक्त आयोजन को सफल बनाया. इस अवसर पर महिला शक्ति द्वारा कायस्थ समाज की अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता श्रीवास्तव ने पद छोड़ने की पेशकश की जिसे स्वीकार करते हुए सर्वसम्मति से नये अध्यक्ष के चुनने का निर्णय लेकर श्रीमती संध्या सक्सेना पति अशोक सक्सेना को नया अध्यक्ष चुना गया

## राजगढ़ में चोरी व लूट की घटनाएं

**ब्यावरा।** थाना राजगढ़ क्षेत्र में 25.12.2025 की रात्रि को घटित चोरी, चोरी के प्रयास एवं लूट की गंभीर घटनाओं में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस ने अपराध क्र. 808/2025 दुकान का ताला तोड़कर चोरी, अपराध क्र. 806/2025 दुकान का ताला तोड़कर चोरी करना अपराध क्र. 807/2025 दुकान का ताला तोड़ने का प्रयास, अपराध क्र. 809/2025 मारपीट कर हवाई फायर करते हुए मोटरसाइकिल लूटने की घटना को अंजाम दिया। उपरोक्त सभी प्रकरणों में आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। रु प्रति प्रकरण के इनाम

प्रहास्त्र
उज्जैन, मंगलवार 30 दिसम्बर, 2025





# शूटिंग के दौरान हादसे में घायल हुए साजिद खान

## पैर में फ्रैक्चर के बाद हुई सर्जरी फराह खान ने दिया हेल्थ अपडेट

फिल्म डायरेक्टर साजिद खान सेट पर हुए एक हादसे के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए। यह हादसा एकता कपूर के प्रोडक्शन के सेट पर हुआ। शूटिंग के दौरान उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। इसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, डॉक्टरों ने रविवार को साजिद के पैर की सर्जरी की। सर्जरी के बाद उनकी हालत स्थिर बताई गई। उनकी बहन और फिल्ममेकर फराह खान ने उनकी सेहत को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा, सर्जरी हो चुकी है और अब साजिद बिल्कुल ठीक हैं। परिवार के मुताबिक, साजिद की सेहत में लगातार सुधार हो रहा है।

पिछले महीने 23 नवंबर को साजिद ने अपना 55वां जन्मदिन परिवार और करीबी दोस्तों के साथ मनाया था। इस मौके पर फराह खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में साजिद केक काटते नजर आए। उनके दोस्त उनके लिए गाना गाते दिखे। फराह ने पोस्ट के जरिए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं।

**साजिद खान का करियर-** साजिद खान के डायरेक्शन करियर की बात करें तो साल 2006 में आई उनकी पहली फिल्म डरना जरूरी है थी। इसके बाद उन्होंने कई कॉमेडी फिल्मों का निर्देशन किया, जिनमें हे बेबी, हाउसफुल और हाउसफुल 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके बाद उन्होंने हिम्मतवाला और हमशकल्स जैसी फिल्में भी बनाई थीं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया। साजिद खान एक्टर के तौर पर झूठ बोले कौवा काटे, मैं हूं ना, मुझसे शादी करोगी और हैप्पी न्यू ईयर जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं।

# मौका खुद मिला, जो होना होता है वही होता है

**धुरंधर के गाने शरारत में तमन्ना को रिप्लेस करने की अटकलों पर क्रिस्टल ने किया रिएक्ट**



फिल्म धुरंधर के गाने शरारत में तमन्ना भाटिया को रिप्लेस करने की अटकलों को लेकर एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा ने रिएक्ट किया है। क्रिस्टल ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी भी बात की जानकारी नहीं थी और तमन्ना के लिए उनके मन में सिर्फ रिस्पेक्ट है।

फिल्म में गाना शरारत टीवी एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा और एक्ट्रेस आयशा खान पर फिल्माया गया है।

आईएएनएस से बातचीत में क्रिस्टल ने कहा कि उन्हें पर्दे के पीछे किसी भी तरह की चर्चा की खबर नहीं थी। उन्होंने कहा, जो होना होता है, वही होता है। उनके मुताबिक यह मौका अपने आप उन्हें और आयशा को मिला।

क्रिस्टल ने कहा, मुझे इन सब बातों का कोई आइडिया नहीं था। तमन्ना बहुत शानदार हैं, खूबसूरत हैं और अपने काम में बहुत अच्छी हैं। उन्हें और आगे बढ़ने की शुभकामनाएं। जो किसी की किस्मत में होता है, वही उसे मिलता है। यह गाना मेरे और आयशा के लिए लिखा था और हमें मिल गया। इससे तमन्ना की खूबसूरती या उनकी काबिलियत कम नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि अगर तमन्ना यह गाना करतीं, तो वह इसमें अपनी अलग चमक जरूर लातीं। क्रिस्टल ने कहा कि उन्हें हर उस महिला पर गर्व है जो अच्छा काम कर रही है और एक-दूसरे का साथ दे रही है।



### कोरियोग्राफर ने भी अटकलें खारिज की थीं

वहीं, इस गाने के कोरियोग्राफर विजय गांगुली ने भी इंस्टाग्राम पर साफ किया था कि इस गाने के लिए तमन्ना भाटिया को कभी चुना ही नहीं गया था। विजय गांगुली ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट करते हुए लिखा था, तमन्ना भाटिया को कभी भी इस सीन के लिए सोचा ही नहीं गया था, क्योंकि उनकी स्टार पावर इतनी ज्यादा है कि वह इस सीन की जरूरतों पर भारी पड़ सकती थी।धुरंधर में म्यूजिक एक हाई-टेंशन मोमेंट का हिस्सा है, जहां टेंशन सबसे जरूरी है। इसलिए मेकर्स ने दो परफॉर्मर्स को चुना, ताकि फोकस कहानी के आगे बढ़ने पर बना रहे। यह फैसला फिल्म का माहौल बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए था कि इस सीन में हीरो कहानी ही रहे। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे शब्दों को सनसनीखेज बनाने के लिए पेश किया जाता है और रिजेक्शन जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने लिखा, मुझे सिनेमा पर बात करना सच में पसंद है और यह भी कि एक फिल्म बनने में कितनी लेयर्स होती हैं, लेकिन कई बार मैं खुलकर बोलने से रुक जाता हूं, क्योंकि शब्दों को चुनकर उठाया जाता है, गलत तरीके से पेश किया जाता है या फिर हेडलाइन बनाने के लिए सनसनीखेज बना दिया जाता है, न कि काम के लिए। अफसोस की बात है कि शरारत गाने और उसके क्रिएटिव मकसद पर बात होने के बजाय, फोकस दो टैलेंटेड कलाकारों की तुलना पर चला गया। यहां तक कि ह्लरिजेक्शनह्व जैसे भारी शब्द इस्तेमाल किए गए, जबकि ऐसा कुछ भी कहने का मकसद नहीं था। अपने स्टोरी में विजय गांगुली ने यह भी कहा था कि सिनेमा एक टीमवर्क है। यह सम्मान, समझ और संदर्भ पर चलता है। उम्मीद है कि ध्यान वहीं रहे, जहां होना चाहिए काम पर और उन लोगों पर, जो दिल से इसे बनाने में लगे रहते हैं।



# शाहरुख-आमिर के बाद रणवीर सिंह का सबसे बड़ा नाम

## 1000 करोड़ क्लब में एक्टर की एंट्री, कमाई के मामले में 'धुरंधर' 9वीं भारतीय फिल्म

रणवीर सिंह रुकने का नाम नहीं ले रहे। बॉलीवुड के एनर्जी बॉम्ब ने 'धुरंधर' से इतिहास रच दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, रणवीर अब 1000 करोड़ क्लब के तीसरे मेंबर बन चुके हैं। शाहरुख खान और आमिर खान के बाद वो ये मुकाम हासिल करने वाले इकलौते सुपरस्टार हैं। आज के पैन-इंडिया दौर में, जहां फिल्में कई भाषाओं और डब वर्जन पर टिकी हैं, रणवीर ने सिर्फ हिंदी रिलीज से ये कमाल कर दिखाया। ये उनकी स्टार पावर और दर्शकों के प्यार का असली सबूत है।

'धुरंधर' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। सिर्फ हिंदी में रिलीज हुई ये फिल्म बिना किसी सहारे के 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। ट्रेड एक्सपर्ट्स का कहना है कि ये रणवीर के मास अपील की जीत है। मेट्रो सिटीज से लेकर टियर-2, टियर-3 शहरों तक उनका जादू चल रहा। हम्जा वाले किरदार में रणवीर की दमदार एक्टिंग ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। सोशल मीडिया पर तारीफों की बाढ़ आ गई। लोग फिल्म को बार-बार थिएटर्स में खींचे चले आ रहे हैं।

'धुरंधर' तीसरे हफ्ते में भी धमाल मचा रही। वीक-3 की टॉप कमाई करने वाली फिल्म बन गई। हाल के रिकॉर्ड होल्डर 'पुष्पा' को भी पीछे छोड़ दिया। इतनी लंबी रनिंग सक्सेस रणवीर को खास क्लब में एंट्री देती है, जहां पहले सिर्फ रफ्ख और आमिर जैसे दिग्गज थे। रणवीर ने न सिर्फ रिकॉर्ड तोड़े, बल्कि हिंदी सिनेमा में सोलो स्टारडम की नई मिसाल कायम की।

समकालीन एक्टर्स से कहीं आगे निकल चुके रणवीर साबित हो गए कि ट्रू सुपरस्टार वो होते हैं, जो बिना फ्रेंचाइजी या मल्टी-लैंग्वेज रिलीज के भी कमाल कर दें। 'धुरंधर' सिर्फ ब्लॉकबस्टर नहीं, बॉलीवुड इतिहास का नया अध्याय है। दर्शकों का प्यार और बॉक्स ऑफिस की ताकत से रणवीर ने साबित कर दिया कि स्टारडम अब डिजिटल शोर में नहीं बंटेगा, बल्कि रियल परफॉर्मेंस से बनेगा।

अब 'धुरंधर' 1000 करोड़ क्लब की नौवीं भारतीय फिल्म है, जिसमें दंगल (2070 करोड़), पुष्पा 2 (1871 करोड़) और आरआरआर (1230 करोड़) आगे हैं, जबकि जवान (1160 करोड़) और पठान (1055 करोड़) पीछे। रणवीर के साथ अक्षय खन्ना, संजय दत्त और आर माधवन की तिकड़ी ने दर्शकों को थिएटर्स में बांधे रखा, भारत और ओवरसीज दोनों में धूम मचाई। यह सफलता रणवीर को पद्मावत (560 करोड़) से कहीं आगे ले गई।

# अवतार 3 से गोविंदा ने हॉलीवुड डेब्यू किया!

**जेम्स कैमरून की फिल्म से एक्टर का वीडियो वायरल, अपना फेमस हिंदी डायलॉग बोलते दिखे**

हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म अवतारः फायर एंड ऐश के कई क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन वीडियो और फोटो में गोविंदा नाह्वी के किरदार में नजर आ रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि एक्टर ने अवतार 3 से अपना हॉलीवुड डेब्यू कर लिया है।

एक वीडियो में गोविंदा को चमकीले, कलरफुल इंडियन कपड़ों में दिखाया गया है। वहीं, एक दूसरे वीडियो में गोविंदा साल 1997 में आई उनकी फिल्म दीवाना मस्ताना का फेमस डायलॉग हटा सावन की घटा, बत्ती बुझा बोलते नजर आ रहे हैं। सीन में बैकग्राउंड में फिल्म के मेन लीड जेक सुली और उनका परिवार दिख रहा है। हालांकि ये सच नहीं है। ये एक एआई वीडियो है। इसका फिल्म से कोई लेना-देना नहीं है। असलियत में फिल्म में ऐसा कोई सीन नहीं दिखाया गया है।



बता दें कि बहुत पहले गोविंदा ने ऐसा दावा किया था कि वो अवतार फ्रेंचाइजी के डायरेक्टर जेम्स कैमरून से मिले थे। डायरेक्टर ने उन्हें रोल ऑफर किया था, साथ में 18 करोड़ रुपए फीस के तौर पर ऑफर भी किया था। लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया था।

भीष्म इंटरनेशनल के यूट्यूब चैनल पर गोविंदा ने कहा था- अमेरिका में मेरी मुलाकात एक सरदारजी से हुई थी और मैंने उन्हें एक बिजनेस आइडिया दिया था जो सफल रहा। कुछ साल बाद, उन्होंने मेरी मुलाकात जेम्स कैमरून से करवाई। उन्होंने मुझसे जेम्स के साथ एक फिल्म करने के लिए कहा, इसलिए मैंने उन्हें इस बारे में बात करने के लिए डिनर पर इनवाइट किया। जेम्स ने मुझे बताया कि फिल्म का हीरो दिव्यांग है, इसलिए मैंने कहा कि मैं यह फिल्म नहीं कर रहा हूं। उन्होंने मुझे इसके लिए 18 करोड़ रुपए की पेशकश की और कहा कि मुझे 410 दिनों तक शूटिंग करनी होगी। मैंने कहा कि यह ठीक है, लेकिन अगर मैं अपने बॉडी पर पेंट करूंगा, तो मैं अस्पताल में भर्ती हो जाऊंगा। एक्टर ने यह भी दावा किया कि उन्होंने जेम्स को फिल्म का टाइटल सजेस्ट किया था और बाद में इसे ठुकराने के अपने फैसले पर पछतावा जाहिर किया। हालांकि, एक्टर के इस दावे को उनके साथ कई फिल्में बना चुके फेमस प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी गलत बताया था। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने भी एक इंटरव्यू कहा था कि उन्हें नहीं पता कि एक्टर को ये फिल्म कब ऑफर हुई थी।

### एमपी और मुंबई की लगातार तीसरी जीत, वैभव सूर्यवंशी ने 31 रन बनाए

# विजय हजारे ट्रॉफी में जुरेल के शतक से यूपी जीता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

ध्रुव जुरेल के शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश को विजय हजारे ट्रॉफी में जीत मिली है। यूपी ने बड़ौदा को 54 रन से हरा दिया। सोमवार को गुजरात के सानोसरा क्रिकेट ग्राउंड में ध्रुव जुरेल ने लिस्ट-अ करियर का पहला शतक जड़ा और 101 गेंदों पर नाबाद 160 रन की पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तर प्रदेश ने 7 विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा की टीम 315 रन पर ऑलआउट हो गई। बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 82 रनों की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इधर, मौजूदा सीजन में मध्य प्रदेश और मुंबई ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश ने अहमदाबाद में केरल को 47 रन से हराया, जबकि मुंबई ने जयपुर में छत्तीसगढ़ को 9 विकेट से मात दी। दोनों टीमें 12-12 अंकों के साथ अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर बनी हुई हैं। वहीं, उत्तराखंड ने पंजाब को 5 विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मध्य प्रदेश 46.1 ओवर में 214 रन पर सिमट गई। जवाब में केरल की टीम 41.1 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई। 93 रनों की शानदार पारी खेलने वाले हिमांशु मंत्री को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जयपुर में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की और छत्तीसगढ़ को 39.1 ओवर में 142 रन पर समेट दिया। इसके बाद मुंबई ने 24 ओवर में एक विकेट पर 144 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान शार्दूल ठाकुर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 4 विकेट झटके, जबकि शम्स मुलानी ने 5 विकेट अपने नाम किए।

कुणाल चंदेला के शतक से जीता उत्तराखंड उत्तराखंड ने कप्तान कुणाल चंदेला के शतक के दम पर पंजाब को 5 विकेट से हराया। जयपुर के अनंतं क्रिकेट ग्राउंड पर उत्तराखंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 269 रन बनाए। उत्तराखंड ने 269 रन का टारगेट 47.4 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। चंदेला ने 118 रन की पारी खेली। शाश्वत ने नाबाद 51 रन बनाए।





### वैभव ने 31 रन बनाए, बिहार जीता

रांची में बिहार ने मेघालय को हरा दिया। पहले बैटिंग करते हुए मेघालय 9 विकेट खोकर 217 रन ही बना सकी। बिहार ने 32.3 ओवर में 2 ही विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। 14 साल के युवा ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने 10 गेंद पर 31 रन बनाए। पीयूष सिंह ने 100 और आकाश राज ने 75 रन बनाकर टीम को जीत दिल दी।

प्रियांश-तेजस्वी की फिफ्टी से जीती दिल्ली बेंगलुरु में दिल्ली ने सौराष्ट्र के खिलाफ 320 रन का टारगेट 48.4 ओवर में 7 विकेट पर चेज कर लिया। प्रियांश आर्या ने 78 और तेजस्वी ने 53 रन की पारी खेली। जबकि, कप्तान ऋषभ पंत 22 बनाए।

### उत्तर प्रदेश ने बड़ौदा को उसी के घर में 54 रन से हराया

राजकोट में उत्तर प्रदेश ने ध्रुव जुरेल के नाबाद 160 रन के सहारे बड़ौदा को 370 रन का टारगेट दिया। रिंकू सिंह ने 63 और अभिषेक गोस्वामी ने 51 रन बनाए। जवाब में बड़ौदा ने 50 ओवर में 314 रन ही बना सकी। कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 82 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

### ओडिशा 6 विकेट से जीता, आंध्रा को हराया

बेंगलुरु में ओडिया ने आंध्रा प्रदेश को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु के अलुरु क्रिकेट ग्राउंड पर आंध्र प्रदेश ने 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 221 रन बनाए। 222 रन का टारगेट ओडिशा की टीम ने 43.4 ओवर में चार विकेट पर हासिल कर लिया। ओम ने 91 और गोविंद पोडर ने 89 रन बनाए।

### झारखंड 133 रन से जीता, पुंडुचेरी को हराया

झारखंड ने कप्तान कुमार कुशाग्र की शतकीय पारी के दम पर पुंडुचेरी को 133 रन के बड़े अंतर से हराया। अहमदाबाद में कुशाग्र की 105 और अनुकूल रॉय के नाबाद 98 रनों के सहारे 368 रन का विशाल स्कोर बनाया। फिर पुंडुचेरी को 41.4 ओवर में 235 रन पर ऑलआउट कर दिया।

### मप्र ने केरल को 47 रन से हराया

मध्य प्रदेश लगातार तीसरा मैच जीत लिया है। मप्र ने अहमदाबाद में केरल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मध्य प्रदेश ने 46.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 214 रन बनाए। जवाब में केरल की टीम 41.1 ओवर में 167 रन पर ऑलआउट हो गई। 93 रनों की पारी खेलने वाले हिमांशु मंत्री को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# कोहली विजय हजारे में एक और मैच खेलेंगे



### पहले दो मुकाबले में 208 रन बनाए रेलवेज के खिलाफ 6 जनवरी को उतरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विराट कोहली विजय हजारे ट्रॉफी में एक और मैच खेलते दिखेंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली ने इसकी पुष्टि की। उनके मुताबिक कोहली ने दिल्ली के लिए तीन मैच खेलने की बात कही है।

बीसीसीआई के अनुसार सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों को कम से कम दो विजय हजारे मैच खेलने थे, लेकिन कोहली एक अतिरिक्त मैच भी खेलना चाहते हैं। कोहली 6 जनवरी को रेलवेज के खिलाफ मैच खेलेंगे। यह मुकाबला बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगा।

पहले मैच में शतक लगाया कोहली ने पहले दो मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहले ही मैच में सेंचुरी लगाते हुए 131 रन बनाए थे। वहीं दूसरे मैच 77 रन की पारी खेली थी। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। पहले मैच के दौरान वे सबसे तेज 16 हजार लिस्ट-ए रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने यह आंकड़ा 330 पारियों में छुआ और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ा, जिन्होंने यह उपलब्धि 391 पारियों में हासिल की थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज इउउक सूत्रों के अनुसार न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम 8 जनवरी तक वडोदरा में जुटेगी।

# टी-20 मैच में 8 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना

### भूटान के स्पिनर ने म्यांमार के खिलाफ किया कारनामा, 4 ओवर में 7 रन दिए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ गेलेफू

भूटान के ऑफ स्पिनर सोनम येशे ने इतिहास रच दिया है। 22 साल के सोनम, टी-20 क्रिकेट के एक मैच में 8 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। येशे ने अपने कोटे के चार ओवर में 7 रन देकर 8 विकेट लिए। इसमें एक मेडन ओवर भी शामिल था। उनकी इकोनॉमी सिर्फ 1.75 रही।

सोनम ने म्यांमार के खिलाफ 26 दिसंबर को गेलेफू में खेले गए तीसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच में 8 विकेट झटके। भूटान क्रिकेट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- 'यह यादगार स्पेल है। सोनम येशे का 4 ओवर में 8/7 का प्रदर्शन वर्ल्ड रिकॉर्ड बन गया है।' 2 गेंदबाज ले चुके हैं 7-7 विकेट टी-20 क्रिकेट में पहली बार किसी गेंदबाज ने एक मैच में 8 विकेट लिए हैं। इससे पहले नीदरलैंड के कोलिन एकरमैन ने 2019 और अफगानिस्तान के तस्कीन अहमद ने 2025 में एक मैच में 7-7 विकेट लिए थे। वहीं, टी-20 इंटरनेशनल में भी दो गेंदबाज 7-7 विकेट ले चुके हैं। भूटान ने म्यांमार को 82 रन से हराया सोनम येशे की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भूटान ने म्यांमार को 128 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ 45 रन पर ऑलआउट कर दिया। भूटान ने यह मैच 82 रन से जीत लिया। पांच मैचों की टी20 सीरीज में भूटान फिलहाल 4-0 से आगे है। इस सीरीज में सोनम येशे अब तक 4 मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। सोनम येशे के बारे में जानिए सोनम येशे ने जुलाई 2022 में मलेशिया के खिलाफ अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

# श्रीलंका सीरीज के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम घोषित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। पूर्व कप्तान और टी20I में पाकिस्तान के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बाबर आजम को इस टीम में शामिल नहीं किया गया है। वहीं, वनडे कप्तान शाहीन शाह अफरीदी और टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले हारिस रऊफ को भी बाहर रखा गया है।

टीम की कमान एक बार फिर सलमान अली आगा को सौंपी गई है। यह सीरीज फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान की आखिरी टी20I सीरीज होगी। तीनों मुकाबले श्रीलंका के दांबुला में 7, 9 और 11 जनवरी को खेले जाएंगे। शादाब खान की वापसी इस टीम में ऑलराउंडर शादाब खान की वापसी हुई है। वे जून 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर थे। उस सीरीज में पाकिस्तान ने 3-0 से जीत दर्ज की थी, जिसमें शादाब ने 4 विकेट लिए और 55 रन बनाए थे। इसके बाद दाहिने कंधे की समस्या के चलते उनकी सर्जरी हुई।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ

# दिवालिया कार्यवाही से एनसीएलएटी का इनकार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एनसीएलएटी की दो सदस्यीय बेंच, जिसमें जस्टिस अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुन मित्रा शामिल थे, ने कहा कि फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर्स के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने के लिए आईबीसी में अलग और विशेष प्रावधान हैं। आम तौर पर ऐसी कार्यवाही नियामक संस्था (जैसे आरबीआई) की पहल पर ही की जा सकती है, न कि किसी सामान्य कर्जदाता की तरफ से।

नेशनल कंपनी लॉ अपीलीय ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने की मांग को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही ट्रिब्यूनल ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के पहले के आदेश को सही ठहराया है। यह मामला इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक से जुड़ा है, जिसने जंबो फिनवेस्ट के खिलाफ इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) की धारा 7 के तहत याचिका दायर की थी। हालांकि, जयपुर स्थित एनसीएलटी बेंच ने पहले ही इस याचिका को खारिज कर दिया था। एनसीएलटी का कहना था कि जंबो फिनवेस्ट एक फाइनेंशियल सर्विस प्रोवाइडर (एफएसपी) है और ऐसे संस्थानों के खिलाफ सामान्य तरीके से दिवालिया कार्यवाही शुरू नहीं की जा सकती। इक्विटास बैंक ने इस फैसले को एनसीएलएटी में चुनौती दी। बैंक का तर्क था कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 16 जनवरी 2020 को जंबो फिनवेस्ट पर कई पाबंदियां लगाई थीं। इसके तहत कंपनी को न तो अपना कारोबार बढ़ाने की अनुमति थी और न ही वह सार्वजनिक धन जुटा सकती थी या लोन दे सकती थी।

## 14वें वाणिज्यिक कोयला नीलामी दौर में उद्योग की मजबूत भागीदारी

# 41 में से 24 ब्लॉकों पर लगी बोली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के कोयला क्षेत्र को निजी निवेश के लिए खोलने की दिशा में सरकार की पहल को एक बार फिर सकारात्मक संकेत मिले हैं। वाणिज्यिक कोयला खनन के 14वें नीलामी दौर में उद्योग जगत की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली है। कोयला मंत्रालय ने इस दौर की बोलियां खोलीं, जिसमें पेश किए गए 41 कोयला ब्लॉकों में से 24 ब्लॉकों के लिए कंपनियों ने रुचि दिखाई। कुल 11 कंपनियों की ओर से 49 बोलियां जमा की गईं, जिनमें पांच नई कंपनियां पहली बार इस वाणिज्यिक कोयला खनन व्यवस्था के तहत बोली प्रक्रिया का हिस्सा बनीं। यह आंकड़े न केवल नीति में उद्योग के भरोसे को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि भारत का कोयला क्षेत्र अभी भी निवेशकों के लिए आकर्षक बना हुआ है।

सरकार द्वारा शुरू की गई यह नीलामी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और तकनीक आधारित रही। मंत्रालय के अनुसार, बोली खोलने की प्रक्रिया हाइब्रिड प्रणाली के तहत आयोजित की गई, जिसमें ऑनलाइन जमा की गई बोलियों को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से डिक्रिप्ट कर बोलीदाताओं की मौजूदगी में खोला गया। इसके बाद ऑफलाइन दस्तावेजों से जुड़े सीलबंद लिफाफों को भी उसी मंच पर खोला गया। पूरी प्रक्रिया को लाइव स्क्रीन पर प्रदर्शित किया गया, ताकि पारदर्शिता को लेकर किसी तरह की शंका न रहे। सरकार की यह कोशिश रही है कि कोयला खनन जैसे संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र में निवेश प्रक्रिया पूरी तरह भरोसेमंद और निष्पक्ष दिखे।

इस नीलामी दौर में जिन 24 ब्लॉकों पर बोलियां आई हैं, वे अलग-अलग राज्यों में स्थित हैं और इनका व्यावसायिक महत्व काफी अधिक माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इन ब्लॉकों के संचालन में आने से आने वाले वर्षों में घरेलू कोयला उत्पादन को मजबूती मिलेगी और आयात पर निर्भरता को और कम किया जा सकेगा। खास बात यह भी है कि इस बार पांच नई कंपनियों की एंट्री ने यह संकेत दिया है कि वाणिज्यिक कोयला खनन से जुड़ी नीतियों को लेकर उद्योग का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। पहले जहां इस क्षेत्र में सीमित सार्वजनिक कंपनियों का दबदबा था, वहीं अब निजी क्षेत्र की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है।

कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अब अगला चरण तकनीकी मूल्यांकन का होगा। इसके लिए एक बहु-विषयक तकनीकी मूल्यांकन समिति बनाई गई है, जो सभी बोलियों की जांच करेगी। इस प्रक्रिया में यह देखा जाएगा कि बोली लगाने वाली कंपनियां तकनीकी और पात्रता मानकों पर खरी उतरती हैं या नहीं। जो कंपनियां इस चरण में योग्य पाई जाएंगी, उन्हें आगे इलेक्ट्रॉनिक नीलामी में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यह अंतिम नीलामी प्रक्रिया एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से कराई जाएगी, जहां ब्लॉकों के लिए प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर विजेता तय होंगे।

सरकार का मानना है कि इस तरह की प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया से न केवल राजस्व में बढ़ोतरी होगी, बल्कि कोयला क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और बेहतर प्रबंधन भी आएगा। पिछले कुछ वर्षों में वाणिज्यिक कोयला खनन को लेकर जो सुधार किए गए हैं, उनका उद्देश्य यही रहा है कि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को घरेलू संसाधनों से पूरा कर सके। उद्योगों को सस्ती और सुलभ ऊर्जा उपलब्ध कराना भारत की आर्थिक वृद्धि के लिए बेहद जरूरी है, और कोयला इसमें अभी भी एक केंद्रीय भूमिका निभाता है।



- ऊर्जा विशेषज्ञों का कहना है कि भले ही देश नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ रहा हो, लेकिन कोयला निकट भविष्य में भी भारत की ऊर्जा टोकरी का अहम हिस्सा बना रहेगा। बिजली उत्पादन, स्टील, सीमेंट और अन्य भारी उद्योगों के लिए कोयले की जरूरत बनी हुई है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए वाणिज्यिक कोयला खनन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण है। 14वें नीलामी दौर की प्रतिक्रिया यह दिखाती है कि उद्योग इस दिशा में सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है।
- सरकार के अनुसार, कोयला क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियां देश की समग्र आर्थिक गति को भी सहारा दे रही हैं। भारत जिस तरह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, उसमें ऊर्जा सुरक्षा एक निर्णायक कारक है। कोयला ब्लॉकों की सफल नीलामी से न केवल निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि राज्यों को भी राजस्व का लाभ मिलेगा। खनन गतिविधियों से जुड़े बुनियादी ढांचे, परिवहन और सहायक उद्योगों को भी इससे मजबूती मिलने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, वाणिज्यिक कोयला ब्लॉकों की 14वीं नीलामी ने यह साफ कर दिया है कि तमाम वैश्विक चुनौतियों और ऊर्जा परिवर्तन की चर्चाओं के बीच भारत का कोयला क्षेत्र अब भी उद्योग की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार

# 4.36 अरब डॉलर बढ़ा जानिए क्या कहते हैं रिजर्व बैंक के आंकड़े



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

साल 2025 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ने की खबर है। वैश्विक स्तर पर डॉलर की मजबूती और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद, भारत के मैक्रो-इकोनॉमिक फंडामेंटल्स मजबूत बने हुए हैं। आइए जानते हैं क्या कहते हैं आरबीआई आंकड़े।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर इजाफा हुआ है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.368 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 693.318 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

इससे पहले के सप्ताह में यह भंडार 1.689 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 688.949 अरब डॉलर पर था। यह वृद्धि ऐसे समय में आई है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताएं बनी हुई हैं, लेकिन भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और आरबीआई की सतर्क नीतियों ने भंडार को मजबूती प्रदान की है।

विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार से रुपये की स्थिरता सुनिश्चित होती है और आयात तथा बाहरी कर्ज चुकाने में आसानी होती है।आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्तियां हैं, जो इस सप्ताह 1.641 अरब डॉलर बढ़कर 559.428 अरब डॉलर हो गईं। इन संपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्यांकन में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। सोने के भंडार में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस सप्ताह भंडार के सोने का मूल्य 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर पहुंच गया।

# देश की सबसे व्यस्त रेलवे पटरियों पर इंस्टॉलेशन अब भी अधूरा, फिर डेडलाइन खत्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच को दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा जैसे देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों पर दिसंबर 2025 तक लागू करने का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। अब तक करीब 25 प्रतिशत काम ही पूरा हुआ है, हालांकि रेलवे अधिकारी इसे 2026 में ऑपरेशनल करने की कोशिश में जुटे हैं।

स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' को देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा पर दिसंबर 2025 तक लागू करने का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि दोनों कॉरिडोर पर कवच को 2026 में ऑपरेशनल करने की पूरी कोशिश की जा रही है। कवच एक स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है, जो लोको पायलटों को निर्धारित गति सीमा में ट्रेन चलाने में मदद करती है। जरूरत पड़ने पर यह सिस्टम खुद ब खुद ब्रेक लगाकर मानवीय चूक से होने वाले हादसों का जोखिम कम करता है।



**25 प्रतिशत ही काम हुआ पूरा-** अधिकारियों के मुताबिक अब तक करीब 25 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष हिस्सों में अहम उपकरण लगाए जा रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि हम दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-कोलकाता रूट पर कवच को 2026 में चालू करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

रेल मंत्रालय ने 7 अगस्त 2024 को इन रूटों पर मार्च 2025 तक काम पूरा होने की बात कही थी। बाद में बजट दस्तावेज रेलवे एस्टिमेट्स (संशोधित अनुमान 2024-25 और बजट अनुमान 2025-26) में इस समयसीमा को बढ़ाकर दिसंबर 2025 कर दिया गया।

**अश्विनी वैष्णव ने क्या बताया-** 17 दिसंबर को लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कवच वर्जन 4.0 को दिल्ली-मुंबई रूट के पलवल-मथुरा-नागदा सेक्शन और दिल्ली-हावड़ा रूट के हावड़ा-बर्धमान सेक्शन सहित कुल 738 रूट किलोमीटर पर सफलतापूर्वक कमीशन किया जा चुका है। शेष हिस्सों में काम जारी है।

### लोको पायलटों के लिए तकनीकी सहारा बेहद जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रेनों की बढ़ती संख्या के बीच लोको पायलटों के लिए तकनीकी सहारा बेहद जरूरी हो गया है, ताकि मानवीय गलती से होने वाले हादसों को रोका जा सके। कवच के फील्ड ट्रायल 2016 में शुरू हुए थे और जुलाई 2020 में इसे राष्ट्रीय एटीपी सिस्टम के रूप में अपनाया गया। रेल मंत्रालय के अनुसार, कवच वर्जन 3.2 के अनुभव के आधार पर 16 जुलाई 2024 को उन्नत वर्जन 4.0 लॉन्च किया गया, जो भारतीय रेल नेटवर्क की विविध जरूरतों को पूरा करता है। फिलहाल गोल्डन क्वाड्रिलैटरल, गोल्डन डायगोनल और हाई-डेंसिटी नेटवर्क सहित 15,512 रूट किमी में ट्रैक-साइड कवच का काम चल रहा है। वहीं, 9,069 और इंजनों में कवच लगाने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। अधिकारियों ने माना कि सबसे बड़ी चुनौती सीमित संख्या में स्वीकृत कंपनियां हैं। हालांकि अब स्वीकृत कंपनियों की संख्या पांच से अधिक हो गई है और 2026 तक इसके 20 से ऊपर जाने की उम्मीद है।

## नए व्यापार समझौतों से अगले साल बढ़ेगा एफडीआई

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत बना निवेशकों की पहली पसंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

नए व्यापार समझौतों, निवेशक-अनुकूल नीतियों और प्रक्रियाओं में सुधार के चलते भारत में अगले साल एफडीआई में तेज बढ़ोतरी की उम्मीद है। अक्तूबर 2025 तक 60 अरब डॉलर से अधिक निवेश आया।

बड़े निवेशों की घोषणाओं, व्यापार करने में आसानी को बेहतर बनाने के प्रयासों और निवेश से जुड़े नए व्यापार समझौतों के समर्थन से अगले साल देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में मजबूत वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस वर्ष एफडीआई को बढ़ावा देने के तरीकों पर हितधारकों के साथ कई बैठकें की हैं। नवंबर में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रक्रियाओं को तेज, सुगम और कुशल बनाकर अधिक निवेश आकर्षित करने के तरीकों पर भी परामर्श किया। निवेशक अनुकूल नीतियां और नियामक प्रक्रियाएं ठीक की गई हैं। निवेश पर मजबूत रिटर्न और अनुपालन संबंधी बोझ में कमी आई है। उद्योग से संबंधित छोटी गलतियों को अपराध की श्रेणी से बाहर करना और मंजूरी प्रक्रियाओं को सरल बनाने जैसे ये कुछ ऐसे प्रमुख उपाय हैं जो वैश्विक चुनौतियों के बावजूद विदेशी निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर रहे हैं। 2024-25 में वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) रिकॉर्ड 80.5 अरब डॉलर से अधिक रहा जनवरी-अक्टूबर, 2025 के दौरान यह 60 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। यह मार्च अंत तक 80.62 अरब डॉलर तक जा सकता है। सरकार के उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण भारत ने पिछले 11 वर्षों में उल्लेखनीय निवेश आकर्षित किया है। भारत चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ अपने मुक्त व्यापार समझौते पर भी भरोसा कर रहा है। इसके तहत इस समूह ने 15 वर्षों में देश में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। विकसित देशों में एफडीआई में 22 प्रतिशत की गिरावट आई है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निवेश स्थिर रहा। एशिया, विशेष रूप से पूर्वी और दक्षिणपूर्वी एशिया, साथ ही भारत में निवेशकों ने परियोजनाओं में मजबूत सक्रियता बनाए रखी।

## मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए महायुति में सीट शेयरिंग तय, भाजपा 137 सीटों पर लड़ेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए महायुति गठबंधन ने सीटों का बंटवारा तय कर लिया है। समझौते के तहत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 137 सीटों पर और शिवसेना (शिंदे गुट) 90 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। दोनों दल अपने-अपने कोटे से सहयोगी दलों को भी सीटें देंगे। भाजपा और शिवसेना के उम्मीदवार मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। मुंबई भाजपा अध्यक्ष आमित भास्कर सटाम ने सीट शेयरिंग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी 227 सीटों पर सहमति बन गई है और आने वाले दिनों में गठबंधन संयुक्त प्रचार करेगा। सटाम ने बताया कि पहले 207 सीटों पर सहमति बनी थी, बाद में सभी 227 सीटों पर फैसला हुआ। इससे पहले महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा था कि इटउ चुनाव में वंचित बहुजन आघाड़ी (श्इअ) गठबंधन के तहत 227 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए यह चुनाव सत्ता की लड़ाई नहीं है और सीटों का बंटवारा प्राथमिक मुद्दा नहीं है। महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य की 29 नगर निगमों- मुंबई, पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ के चुनावों की घोषणा की है। मुंबई की 227 वार्डों में मतदान 15 जनवरी को होगा और मतगणना 16 जनवरी को तय है।

## तमिलनाडु में मजदूर पर हथियारों से हमला:सिर पर वार किए,

तमिलनाडु में सोमवार को एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला करने का वीडियो सामने आया। तमिलनाडु इखढ के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने अपने अकाउंट पर इसे शेयर किया। इसमें 3 लड़के एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला करते नजर आ रहे हैं। चौथे आरोपी ने वीडियो रिकॉर्ड किया। इन लड़कों ने पीड़ित को जमीन पर गिराकर उसके सिर, गर्दन पर कई वार किए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक की हालत गंभीर है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। अन्नामलाई ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह घटना उटज शासित तमिलनाडु की परेशान करने वाली सच्चाई है। हालांकि पुलिस ने चारों नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### मुंबई के भांडुप में बस ने 13 लोगों को कुचला:ड्राइवर हिरासत में

# 4 की मौत, 9 घायल; रिवर्स करते समय हादसा

## टक्कर इतनी भीषण थी कि सड़क पर लगा बिजली का खंभा भी टेढ़ा हो गया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई के भांडुप में रेलवे स्टेशन के बाहर सोमवार देर रात एक बस ने 13 पैदल यात्रियों को कुचल दिया। हादसे में 3 महिला सहित 4 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि हादसा रात 9:35 बजे बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (इएरळ) की बस से हुआ।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, इएरळ की बस रिवर्स करते समय बेकाबू हो गई और सड़क पर चल रहे लोगों को चपेट में ले लिया।। हादसे के बाद बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बाद एम्बुलेंस, मुंबई फायर ब्रिगेड और इएरळ की टीम मौके पर पहुंची। पीड़ितों को तुरंत एम्बुलेंस की मदद से राजावाड़ी और एम.टी. अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई। मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बस ने एक बिजली के खंभे को भी टक्कर मारी, जिससे वह गिर गया। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।



### प्रत्यक्षदर्शी ने बताया- बस ने एक व्यक्ति का सिर कुचला

मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी, फार्मासिस्ट सैमिनी मुदलियार ने बताया कि वह पास के बस स्टॉप पर अपनी बस का इंतजार कर रही थीं। तभी एक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। मुदलियार ने कहा- अगले ही पल मैंने लोगों को बस से टकराते हुए उछलकर गिरते देखा। बस कुछ देर बाद रुक गई। मुदलियार ने बताया कि बस के नीचे लोग फंसे थे। लोग बस को उठाने और धकेलने लगे। बस के पास हर तरफ खून फैला था। कई लोग जख्मी हालत में पड़े थे। एक व्यक्ति का सिर बुरी तरह कुचला हुआ था, मानो बस उसके ऊपर से गुजरी हो, जबकि दूसरे की जांघ के पास चोट लगी थी।

### फुटपाथ पर अतिक्रमण के कारण लोग सड़क पर थे

एक प्रत्यक्षदर्शी ने फुटपाथ पर ठेलेवालों के अतिक्रमण को हादसे का कारण बताया है। उनके अनुसार, फुटपाथ पर जगह न होने के कारण पैदल यात्रियों को सड़क पर उतरना पड़ा, जिससे हादसा हुआ।

प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक, यह इलाका हमेशा भीड़भाड़ वाला रहता है। सस्ती सब्जियां मिलने के कारण यहां लोगों की संख्या और बढ़ जाती है, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है। भारी भीड़ के कारण बसों को यू-टर्न लेने में दिक्कत होती है।

## पंजाब कांग्रेस में सिद्धू दंपती का चैप्टर क्लोज



### प्रधान राजा वड़िंग बोले- जो काम बंद हो चुका, खत्म हुआ, उसके बारे में बात नहीं करूंगा

पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सिद्धू दंपती यानी नवजोत सिद्धू और उनकी पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू के चैप्टर को क्लोज बताया। सोमवार को लुधियाना में सांसद राजा वड़िंग से पूछा गया कि नवजोत कौर सिद्धू कह रही हैं कि नवजोत सिद्धू को उट बनाएंगे तो वह एक्टिव पॉलिटिक्स में आएंगे और दूसरी तरफ वह इखढ नेताओं से भी मिल रही हैं।

इसके जवाब में राजा वड़िंग ने कहा- कोई किसी को भी मिल सकता है, किसी से रोक थोड़े ही है। इस बारे में अब बार-बार चर्चा नहीं करनी, जो काम बंद हो चुका है, खत्म हो चुका है, उसकी बार-बार बात नहीं करूंगा। राजा वड़िंग के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा छेड़ दी है कि क्या कांग्रेस पार्टी ने नवजोत सिंह सिद्धू और उनकी पत्नी को तरजीह देनी बंद कर दी है। इसी वजह से नवजोत कौर अचानक भाजपा नेताओं से मिलकर उनकी तारीफ भी कर रही हैं।

### कोलकाता में 15 एकड़ में बनने वाले दुर्गा मंदिर की नींव रखी; भाजपा ने बताया राजनीतिक प्रोपेगेंडा

# ममता बोलीं-मेरे ईद में जाने पर सवाल, गुरुद्वारे पर चुप्पी:

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' की नींव रखी। यह देश का सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर होगा। जो 15 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इस मंदिर में रोजाना 1 लाख श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे।

मंदिर परिसर की नींव रखने के बाद ममता ने जनता को संबोधित किया। अपने ऊपर लगे तुष्टीकरण के आरोपों का जवाब दिया। ममता ने कहा- कई लोग कहते हैं कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं लेकिन मैं सेक्युलर हूं और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मुझे बंगाल से प्यार है, मुझे भारत से प्यार है। यही हमारी विचारधारा है।

ममता ने आरोप लगाने वाले का नाम नहीं बताया लेकिन विपक्षी भाजपा अक्सर उन पर मुसलमानों को खुश करने का आरोप लगाती रही है। इस पर ममता ने कहा कि जब मैं गुरुद्वारे जाती हूं तो आप कुछ नहीं कहते, लेकिन जब मैं ईद के कार्यक्रम में जाती हूं तो मेरी आलोचना करने लगते हैं। यह ठीक नहीं है। इस पर इखढ नेता निशीथ प्रमाणिक ने कहा, ममता बनर्जी हमेशा दोहरी राजनीति करती हैं। ये दोनों मुद्दे (दुर्गा आंगन और बाबरी मस्जिद) राजनीतिक प्रोपेगेंडा के रूप हैं। हुमायूं कबीर और ममता बनर्जी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।




| कहां बन रहा | खासियत |
|---|---|
| न्यू टाउन, कोलकाता | रोजाना 1 लाख श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे |
| **कितना बड़ा** | **मूर्तियां** |
| 15 एकड़ में बनाया जाएगा | मां दुर्गा सहित 172 मूर्तियां |

ममता ने आगे कहा कि हर व्यक्ति का अपना लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं केंद्र सरकार से गंगासागर में एक पुल बनवाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अब मैं इसे खुद बनवाऊंगी। मैं 5 जनवरी को शिलान्यास करूंगी और अगले दो सालों में पुल जनता के लिए तैयार हो जाएगा। जनवरी के दूसरे हफ्ते में हम सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास करने जा रहे हैं।

### सिर्फ लोगों को परेशान करने के लिए

ममता बनर्जी ने अपने भाषण में राज्य में चल रही रळफ प्रक्रिया पर भी चिंता जताई। उन्होंने लोगों को परेशान करने और जानमाल के नुकसान का आरोप लगाया। ममता ने कहा कि लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। रळफप्रक्रिया के दौरान एक महीने में 50 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। हम लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ते रहेंगे और इसके लिए अपनी जान देने को भी तैयार हैं।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकारा रेखा बाई पति सोहनसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम खडोतिया तहसील देपालपुर जिला इन्दौर म.प्र. द्वारा भूमि स्वामी द्रोपतीबाई पति घनश्याम जाति नाई निवासी बडी कलमेर तहसील हातोद जिला इन्दौर म.प्र. कृषक ग्राम मसवाडियाखालसा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालिकी एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 155/2/2 रकबा 0.4400 हे. एवं भूमि सर्वे नम्बर 155/2/4/1 रकबा 0.2600 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 0.7000 हे. भूमि स्थित ग्राम मसवाडियाखालसा तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि को कय करने का सौदा कर, एक सौदा चिट्ठी दिनांक 15-12-2025 को सम्पादित कर, सौदा तय कर लिया है तथा विक्रय मुल्य की आंशिक राशि का भुगतान कर दिया गया है, तथा अनुबंधीत भूमि का मेरी पक्षकारा के पक्ष में विक्रय पत्र सम्पादित होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भुमि से संबंधित मुख्त्यारनामा या मुख्त्यारनामाखास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का हित स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई सम्पत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के मिलर मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतित होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी पक्षकारा अनुबंधीत भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगी। सूचित हो। इति दिनांक 28-12-2025

**राकेश जादव, एड्वोकेट,**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन**
**मो.नं. 8251823925, 8770835347**

### जेलेंस्की बोले- यह झूठ, हम पर हमला करने का बहाना

# यूक्रेन का रूस के राष्ट्रपति पुतिन के घर पर 91 ड्रोन से हमला: रूस का दावा- सभी मार गिराए


ब्रह्मास्त्र ▸▸ मॉस्को

रूस ने सोमवार को आरोप लगाया कि यूक्रेन ने नोवगोरोड में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सरकारी आवास पर हमला करने की कोशिश की। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के मुताबिक यूक्रेन ने 28 और 29 दिसंबर की रात 91 ड्रोन से हमला किया, जिसे रूस के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। लावरोव ने चेतावनी दी कि हमले का जवाब दिया जाएगा। उन्होंने इस हमले को आतंकवाद करार दिया। दूसरी तरफ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस आरोप को पूरी तरह झूठा और मनगढ़ंत बताया। उन्होंने कहा कि रूस हम पर हमला करने का बहाना खोज रहा है। उसका मकसद कीव में सरकारी इमारतों पर हमला करना है। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि हमले के वक्त पुतिन नोवगोरोड स्थित घर पर थे या नहीं। रूस की तरफ से फिलहाल हमले का कोई वीडियो भी रिलीज नहीं किया गया है।

### जेलेंस्की बोले- हम पर हमले के लिए कहानी बनाई

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि पुतिन के घर पर हमले की कहानी सिर्फ कीव पर हमला करने और उन्हें सही ठहराने के लिए बनाई गई है।
जेलेंस्की ने पर पोस्ट कर कहा कि रूस खुद युद्ध खत्म करने के लिए जरूरी कदम उठाने से इनकार कर रहा है, जबकि यूक्रेन हमेशा कूटनीतिक रास्ते पर कायम है। उन्होंने कहा, हम दुनिया को चुप नहीं रहने देंगे और रूस को स्थायी शांति के प्रयासों को कमजोर करने की परमिशन नहीं देंगे। उन्होंने यूक्रेन ने यह भी कहा कि रूस ने पहले भी बहाना बनाकर कीव और मंत्रिपरिषद की इमारतों को निशाना बनाया है।

### रूसी मंत्री बोले- पलटवार का वक्त और टारगेट तय





रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने कहा कि पुतिन के सरकारी आवास पर हमले के बाद रूस ने यूक्रेन पर पलटवार के लिए समय और लक्ष्य तय कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि रूस अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करेगा। रूस के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव के मुताबिक, पुतिन ने यूक्रेन के हमले की जानकारी ट्रम्प को सोमवार को फोन पर दी। राष्ट्रपति ट्रम्प इस खबर से शॉक्ड थे। हमले की खबर इस दौरान आई है जब रविवार को ही जेलेंस्की और ट्रम्प ने फ्लोरिडा में जंग खत्म करने को लेकर 3 घंटे लंबी बैठक की थी।
जेलेंस्की ने सोमवार को बताया है कि अमेरिका ने शांति योजना के तहत यूक्रेन को 15 साल की सुरक्षा गारंटी देने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, जेलेंस्की का कहना है कि रूस को दोबारा हमला करने से रोकने के लिए अमेरिका की 50 साल तक की गारंटी मजबूत संदेश देगी।
जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन और रूस शांति समझौते के अब तक सबसे करीब हैं, लेकिन बातचीत अभी भी कई अहम मुद्दों पर अटकी हुई है। यूक्रेनी राष्ट्रपति के मुताबिक वार्ता में सबसे बड़ी अड़चन यह है कि किस इलाके से किसकी सेना पीछे हटेगी और रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र का भविष्य क्या होगा। यह दुनिया के 10 सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक है। जेलेंस्की ने कहा, सुरक्षा गारंटी के बिना यह युद्ध हकीकत में खत्म नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित गारंटी में शांति समझौते की निगरानी और साझेदार देशों की मौजूदगी जैसे प्रावधान शामिल हैं।

# ट्रेन पटरी से उतरी, 13 की मौत, 98 घायल, 250 यात्री सवार थे;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मैक्सिको



मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ओअक्साका में एक ट्रेन के पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मेक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है। मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोगों सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। घायलों में से 36 को अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि पांच घायल गंभीर हालत में हैं। उन्होंने सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजकर मृतकों के परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

### सरकारी एजेंसियां घायलों की मदद के लिए पहुंचे

ओअक्साका राज्य के गवर्नर सलोमोन जारा ने पर पोस्ट करके बताया कि कई सरकारी एजेंसियां हादसे की जगह पर पहुंच गई हैं और घायलों की मदद कर रही हैं। मेक्सिको की अटॉर्नी जनरल अर्नेस्टिना गोदॉय रामोस ने भी सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन प्रशांत महासागर के सालिना क्रूज बंदरगाह से अटलांटिक महासागर तक लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

### रेल लाइन का उद्घाटन 2023 में हुआ था

यह इंटरोशियनिक ट्रेन सेवा 2023 में तत्कालीन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने शुरू की गई थी। यह मेक्सिको के दक्षिणी हिस्से में रेल यात्रा को बढ़ावा देने और तेहुआंतेपेक इस्तमस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। सरकार का योजना इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए रणनीतिक कॉरिडोर बनाने की है, जहां बंदरगाहों और रेल लाइनों से दोनों महासागरों को जोड़ा जा सके। इस हादसे से रेल सेवा प्रभावित हुई है

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कराची

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अलग-अलग घटनाओं में दो पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने दी। दोनों घटनाएं साउथ वजीरिस्तान से सटे टैंक जिले में हुईं। पहली घटना में बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सहायक उप निरीक्षक (अरक) मुमताज अली पर उस वक्त फायरिंग कर दी, जब वे लक्की मरवत जिले में अपने गांव से लौट रहे थे। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना में कांस्टेबल सज्जाद हुसैन को शाह आलम रोड से अगवा कर लिया गया। हमलावरों ने उन्हें जबरन वाहन से उतारा और बाद में उनकी हत्या कर दी।



# बांग्लादेश में हिंदू परिवार के 5 घरों में आग लगाई, दरवाजे बाहर से बंद थे, लोग बाड़ काटकर घर से निकले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार, 27 दिसंबर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है।
परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए।
स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई।



घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।
बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसंबर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फॉर बांग्लादेश माइनॉरिटीज' (ल्फ्ड्इट) की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला।

### हिंदुओं के मोहल्ले में तोड़फोड़ की जाती है

19 जून 2025 को बरिसाल जिले में 22 साल के तमाल बैद्य को पैगंबर मोहम्मद के बारे में कथित टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसके कुछ ही दिन बाद चांदपुर में 24 साल के शान्तो सूत्रधार पर आरोप लगने के बाद इलाके में तनाव फैल गया और प्रदर्शन हुए। 27 जुलाई को रंगपुर जिले में सबसे गंभीर घटना हुई। यहां 17 साल के रंजन रॉय को गिरफ्तार किए जाने के बाद भीड़ ने हिंदुओं के करीब 22 घरों में तोड़फोड़ कर दी। इस घटना ने साफ कर दिया कि आरोप लगते ही हालात कितनी जल्दी बेकाबू हो जाते हैं और पूरे समुदाय को डराने की कोशिश की जाती है। 18 दिसंबर 2025 को मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में 30 साल के दीपु चंद्र दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और फिर उसके शव को जला दिया। इससे पहले सितंबर 2024 में खुलना में 15 साल के उत्सव मंडल पर हमला हुआ था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी। इन घटनाओं ने पूरे देश में चिंता बढ़ा दी है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 5 | | 2 | = | 40 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 4 | | 80 | | 50 | = | 30 |
| | | | | | | | | |
| 80 | | 5 | | 50 | | 25 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 40 | | 20 | | 4 | | 4 | = | 20 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | | 20 | | 39 | | 23 | = | 0 8 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | हे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौं | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# भारत के पिनाका रॉकेट की पहली फ्लाइट टेस्टिंग सफल

## 120km रेंज, टारगेट पर सटीक अटैक किया; भारतीय सेना में शामिल करने की भी मंजूरी




**भारत ने सोमवार को ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से पिनाका लॉन्ग रेंज गाइडेड रॉकेट (LRGR-120) की पहली सफल फ्लाइट टेस्टिंग की। इस दौरान रॉकेट को उसकी अधिकतम 120 किलोमीटर रेंज तक दागा गया। उड़ान के दौरान रॉकेट ने सभी तय इन-फ्लाइट मैन्युवर सफलतापूर्वक पूरे किए और निर्धारित लक्ष्य पर सटीक वार किया। रेंज में तैनात सभी ट्रैकिंग सिस्टम ने उड़ान के पूरे रूट के दौरान रॉकेट की निगरानी की।यह सफल परीक्षण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने किया।**

### पुराने पिनाका लॉन्चर से भी रॉकेट चलाया जा सकता है

LRGR को आमामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट ने हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लैबोरेटरी के साथ मिलकर डिजाइन किया है। इसे बनाने में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी और रिसर्च सेंटर इमारत ने भी मदद की है।

इस फ्लाइट टेस्टिंग का संचालन इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज और प्रूफ एंड एक्सपेरिमेंटल एस्टैब्लिशमेंट ने किया। रॉकेट को सेना में पहले से इस्तेमाल हो रहे पिनाका लॉन्चर से दागा गया, जिससे यह साबित हुआ कि एक ही लांचर से विभिन्न रेंज के पिनाका रॉकेट्स दागे जा सकते हैं।

### पिनाका तेज और सटीक हमले के लिए मशहूर

पिनाका रॉकेट सिस्टम भारत का स्वदेशी मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर (MBRL) हथियार है, जिसे ऊफ्ळ्ड ने विकसित किया है। इसे भारतीय सेना लंबी दूरी पर हमले के लिए इस्तेमाल करती है। यह GPS नेविगेशन की मदद से तेज और सटीक हमले के लिए जानी जाती है। पिनाका रॉकेट लॉन्चर एक ट्रक पर लदा होता है। एक ट्रक में 12 रॉकेट ट्यूब होती हैं। आसान भाषा में कहे तो यह ट्रक पर लगा ऐसा हथियार, जो कम समय में कई रॉकेट दागकर दूर तक दुश्मन पर भारी हमला कर सके। पिनाका को स्वदेशी हथियार सिस्टम में एक सफल सिस्टम माना जाता है। रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी पिनाका सिस्टम को सफलता मिली है।

## टारगेट पर सटीक अटैक



## राजनाथ सिंह ने DRDO को बधाई दी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर ऊफ्ळ्ड को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के गाइडेड रॉकेटों का विकास सशस्त्र बलों की क्षमताओं को मजबूत करेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और ऊफ्ळ्ड चेयरमैन समीर वी. कामत ने मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए टीमों की सराहना की।

### ड्रोन पकड़ने वाला सिस्टम क्या करेगा?



तस्वीरें प्रतीकात्मक हैं।

दुश्मन के ड्रोन को पहले ही पकड़ेगा

**कैसे?**
लो-लेवल रडार
ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम

**कहां तैनाती?**
बॉर्डर एरिया | सैन्य ठिकाने | संवेदनशील इलाके

लॉयटर म्यूनिशन सिस्टमः (आत्मघाती ड्रोन) खरीद जाएगा। यह दुश्मन के टारगेट पर सटीक हमला करेगा।
लो लेवल लाइट वेट रडार्सः छोटे और कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन/वअर की पहचान और ट्रैकिंग। ड्रोन खतरे से सुरक्षा के लिए इसका उपयोग किया जाएगा।
पिनाका मिसाइलः पिनाका रॉकेट सिस्टम की रेंज और सटीकता बढ़ाई जाएगी। हाई वैल्यू टारगेट पर लंबी दूरी से हमला करने में सक्षम है।
एंटी ड्रोन सिस्टमः मार्क-क्क का अपडेट वर्जन खरीदा जाएगा। यह दुश्मनों के ड्रोन की पहचान कर उन्हें हवा में खत्म कर देता है। बॉर्डर एरिया में तैनाती होगी।
नेवी के लिए बोलार्ड पुल (बीपी) टगः एक मजबूत रस्सी खरीदी जाएगी। जिनका इस्तेमाल बंदरगाहों पर बड़े जहाजों को खींचने, मोड़ने के लिए किया जाएगा। एचएफ एसडीआरः हाई फ्रीक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो लंबी दूरी तक कम्यूनिकेशन में इस्तेमाल किया जाएगा।

### हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग रेंज ड्रोन क्या है?

HALE RPAS



तस्वीरें प्रतीकात्मक हैं।

बहुत ऊंचाई पर उड़ने वाला लंबी दूरी का जासूसी ड्रोन

**ताकत क्या?**
24×7 निगरानी क्षमता
हजारों किमी तक नजर
समुद्र और सीमा पर नजर

**फायदा?**
दुश्मन की हर हरकत पर नजर

### आत्मघाती ड्रोन क्या है?

Loiter Munition



तस्वीरें प्रतीकात्मक हैं।

हवा में मंडराने वाला हमला करने वाला ड्रोन

**क्यों जरूरी?**
टारगेट दिखते ही खुद टकराकर हमला
बंकर, रडार, हथियार ठिकाने तबाह
सटीक हमला, कम कोलेटरल डैमेज

**कहां काम आएगा?**
सीमा और युद्ध क्षेत्र

### पिनाका का नया पावर रॉकेट



तस्वीरें प्रतीकात्मक हैं।

**क्या बदलेगा?**
पिनाका की रेंज और सटीकता बढ़ेगी

**ताकत क्या?**
लंबी दूरी से सटीक हमला
हाई वैल्यू टारगेट निशाने पर
कम रॉकेट, ज्यादा असर

**फायदा?**
दुश्मन को जवाब, दूर से

### Astra Mk-II मिसाइल क्या है?




तस्वीरें प्रतीकात्मक हैं।

हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल

**कितनी ताकत?**
ज्यादा रेंज, ज्यादा स्पीड
दूर से दुश्मन विमान पर हमला
फाइटर जेट्स से लॉन्च

**फायदा?**
डॉगफाइट से पहले दुश्मन ढेर

■ वर्ष-12 अंक-58 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 30 दिसम्बर, 2025

## सुभाषितानि

**एकेन शुष्कवृक्षेण दह्यमानेन वह्निना।
दह्यते तद्वनं सर्वं कुपुत्रेण कुलं यथा॥**

**भावार्थ** : जिस प्रकार एक ही सूखे वृक्ष में आग लगने पर सारा वन जल जाता है इसी प्रकार एक ही कुपुत्र सारे कुल को बदनाम कर देता है।

**एकेनापि सुवर्ण पुष्पितेन सुगन्धिता।
वसितं तद्वनं सर्वं सुपुत्रेण कुलं यथा॥**

**भावार्थ** : जिस प्रकार वन में सुन्दर खिले हुए फूलोंवाला एक ही वृक्ष अपनी सुगन्ध से सारे वन को सुगन्धित कर देते है उसी प्रकार एक ही सुपुत्र सारे कुल का नाम ऊंचा कर देता है।

## सम्पादकीयम्

### बस्तरं प्रति शान्तिः

बस्तरं प्रति शान्तिः पुनः आगच्छति : नक्सल-आतङ्कस्य अन्तः, विकासस्य आत्मनिर्भरतायाः च नूतनः प्रभातः बस्तार-नगरे माओवादी-आतङ्कस्य समाप्तिः सुरक्षाबलानाम् साहसेन, दृढनिश्चयेन च रणनीत्याः सम्भवः अभवत्। मुख्यमन्त्री विष्णुदेवसाई इत्यस्य मते प्रधानमन्त्री मोदी, गृहमन्त्री शाहयोः मार्गदर्शने जनसुरक्षा, पुनर्वासः, विकासः च इति रणनीतिः सफला अभवत्। २०२६ तमस्य वर्षस्य मार्चमासपर्यन्तं भारतं पूर्णतया नक्सलमुक्तं कर्तुं लक्ष्यं ठोसरणनीत्याः परिणामः एव। आभा मिश्रः - बस्तरः वर्षाणां यावत् माओवादी आतङ्कस्य भारं स्वीकृतवान् अस्ति। परन्तु अधुना सुरक्षाबलानाम् साहसस्य, दृढनिश्चयस्य च रणनीत्याः कारणात् अयं अन्धकारः उत्थापितः अस्ति। छत्तीसगढस्य मुख्यमन्त्री विष्णुदेवसाई इत्यस्य मते जनसुरक्षायाः, पुनर्वासस्य, विकासस्य च रणनीत्याः भागरूपेण प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी-केन्द्रीयगृहमन्त्री अमितशाहयोः मार्गदर्शनेन कृतानां अस्माकं प्रयत्नानाम् परिणामः अस्ति एषा विजयः। आशायाः एकः किरणः। विगतदिनेषु राज्ये परिसरेषु च शतशः नक्सलीजनानाम् आत्मसमर्पणं, शीर्षनेतृत्वस्य गृहीतत्वं, सुरक्षापरिपाटाः च स्थानीयजनानाम् विश्वासं पुनः स्थापितवन्तः। अधुना बस्तरस्य प्रत्येकं ग्रामे आशायाः किरणः प्रसृतः अस्ति। नक्सलीपुनर्वासनीतिः, नूतनानां सुरक्षाशिबिराणां स्थापना, जनसुरक्षासुदृढीकरणस्य उपायाः च जनविश्वासं वर्धितवन्तः । लोकतन्त्रं सुदृढीकरणम्।

**सेनायाः एषः परिवर्तितः उपायः आतङ्कवादस्य विरुद्धं निर्णायकः सन्देशः**

# आतङ्कवादीक्रियाकलापस्य विफलतायै उच्च-उच्चक्षेत्रेषु निगरानीयता वर्धिता अस्ति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आतङ्कवादीक्रियाकलापस्य विफलतायै उच्च-उच्चक्षेत्रेषु निगरानीयता वर्धिता अस्ति। जम्मू-श्रीनगर-राष्ट्रिय-राजमार्गे अपि सुरक्षां कठिनं कृतम् अस्ति। शीतस्य, नीहारस्य च मध्ये नियोजिताः सैनिकाः २४ घण्टानां जागरणं कुर्वन्ति, यतः एषः मार्गः न केवलं सामरिकदृष्ट्या महत्त्वपूर्णः अपितु नागरिकानां आन्दोलनस्य जीवनरेखा अपि मन्यते आतङ्कवादिनः अस्य मार्गस्य परितः वा क्षेत्राणि किमपि प्रकारेण लक्ष्यं कर्तुं न शक्नुवन्ति इति सेना सुरक्षाबलाः च कार्यं कुर्वन्ति।

सेनायाः एषः परिवर्तितः उपायः आतङ्कवादस्य विरुद्धं निर्णायकः सन्देशः इति दृश्यते। सन्देशः स्पष्टः अस्ति यत् आतङ्कवादिनः कृते मौसमः पुनः मित्रपक्षः न भविष्यति, अपितु तेषां बृहत्तमः दुर्बलता भविष्यति। सेना मन्यते यत् यदा आतङ्कवादिनः अवगमिष्यन्ति यत् ते शिशिरे अपि सुरक्षितं आश्रयं न प्राप्नुयुः तदा तेषां मनोबलं भृशं प्रभावितं भविष्यति। एतेन न केवलं घुसपैठस्य प्रयासाः दुर्बलाः भविष्यन्ति अपितु स्थानीयजालस्य विच्छेदनं कर्तुं अपि साहाय्यं भविष्यति।

अस्मिन् सम्पूर्णे कार्ये स्थानीयगुप्तचरं, तकनीकीनिरीक्षणं च महत्त्वपूर्णं मन्यते। हिमाच्छादितक्षेत्रेषु अपि शङ्कितानां गतिविधिनां निरीक्षणार्थं ड्रोन्-उपग्रह-प्रतिबिम्बानां उपयोगः क्रियते। स्थले स्थिताः सुरक्षाबलाः स्थानीयनिवासिभिः सह निकटसम्पर्कं कृत्वा सूचनां संग्रहयन्ति। सेनायाः ध्यानं एतत् सुनिश्चितं भवति यत् कस्यापि आतङ्कवादिनः शिशिरस्य आच्छादने पुनः समूहीकरणस्य अवसरं न प्राप्नुयात्।

जम्मू-कश्मीरे आतङ्कवादविरुद्धयुद्धे एषा रणनीतिः एकः मोक्षबिन्दुः सिद्धः भवितुम् अर्हति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। अधुना यावत् शिशिरः आतङ्कवादिनः पुनः समूहीकरणकालः इति मन्यते स्म, परन्तु यदि सेना अस्मिन् काले निरन्तरं दबावं धारयति तर्हि आतङ्कवादिनः सुरक्षितस्थानानि प्राप्तुं अत्यन्तं कठिनं भविष्यति अनेन आगामिषु मासेषु आतङ्कवादीनां घटनानां न्यूनता भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

समग्रतया कश्मीरस्य हिमयुक्तरात्रौ भारतीयसेनायाः उपस्थितिः एतत् सन्देशं प्रेषयति यत् राष्ट्रियसुरक्षायाः कृते मौसमः कोऽपि बाधकः नास्ति। कठोरशीतः, मेघगर्जनानि, उष्ट्रपर्वताः अपि आतङ्कवादस्य रक्षणे स्थितानां सैनिकानाम् आत्मानं मन्दं कर्तुं न शक्नुवन्ति। अयं शिशिरः चिल्लै कलान् आतङ्कवादिनः न राहतं, अपितु भयं, असुरक्षां च आनयति इव। भारतीयसेनायाः अयं शिशिर-अभियानः न केवलं वर्तमान-धमकी-निष्प्रभावीकरणस्य प्रयासः अपितु भविष्ये आतङ्कवादस्य मूलं दुर्बलं कर्तुं ठोस-रणनीतिः अपि अस्ति।

**एतत् जलवायु**

# भूस्खलनानि च अभवन्, तेन मानवीय-दुःखदं शीतलं कृतम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

भूस्खलनानि च अभवन्, तेन मानवीय-दुःखदं शीतलं कृतम्। अस्याः आपदायां १८६० तः अधिकाः जनाः मृताः, प्रायः ५.६ अब्ज डॉलरस्य महती आर्थिकहानिः अपि अभवत्। प्रतिवेदनस्य सर्वाधिकं सत्यं यत् वैश्विक उत्सर्जने तुलनात्मकरूपेण न्यूनं योगदानं विद्यमानः क्षेत्रः एशियादेशः सर्वाधिकं विनाशं प्राप्नोत्। चीनदेशे जलप्रलयेन अपि ११.७ अब्ज डॉलरस्य क्षतिः अभवत्। एतत् जलवायु-अन्यायस्य चित्रम् अस्ति यत्र कस्यचित् दोषः अस्ति, अन्यः कश्चित् परिणामं वहति।

विशेषज्ञाः वैज्ञानिकाः च अस्य प्रतिवेदनस्य माध्यमेन विश्वं स्पष्टतया चेतवन्तः यत् एताः आपदाः प्राकृतिक इति निराकरणं न सम्भवति। इम्पेरियल् कॉलेज् लण्डन् इत्यस्य प्रोफेसर जोआना हेग इत्यनेन तीक्ष्णतया उक्तं यत् एषा विनाशः जीवाश्म-इन्धनस्य उपरि अस्माकं अचञ्चल-निर्भरतायाः, राजनैतिक-विलम्बस्य च परिणामः अस्ति। स्कॉटलैण्ड् इत्यादिषु शीतलप्रदेशेषु ४७,००० हेक्टे वनस्य दहनं, समुद्रस्य अभिलेखविध्वंसकं तापमानं च अन्ततः प्रकृतिः स्वसीमाम् अवाप्तवती इति प्रमाणम् अस्ति क्रिश्चियन एडस्य मुख्यकार्यकारी पैट्रिक वाट् इत्यनेन स्पष्टतया उक्तं यत् एतत् दुःखं राजनैतिकपरिचयस्य परिणामः अस्ति; यत् यदि इदानीं सर्वकाराणि जीवाश्म-इन्धनात् दूरं संक्रमणं न कुर्वन्ति तर्हि अत्यन्तं दुर्बलसमुदायाः एव व्ययस्य भारं वहन्ति। यदा वयं २०२५ तमस्य वर्षस्य एतानि भयङ्कराणि आँकडानि पश्यामः तदा प्रश्नः केवलं न भवितुमर्हति यत् अस्माभिः कियत् हानिः कृता इति। वास्तविकः प्रश्नः अस्ति यत् किं जगति अद्यापि महतीं विपत्तिं निवारयितुं साहसं वर्तते?

# भोपाल-चोपन-नगरयोः मध्ये नूतना साप्ताहिकरेलयाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

भोपाल-चोपन-नगरयोः मध्ये रेलवे बोर्डेन साप्ताहिकयानस्य आरम्भस्य घोषणा कृता अस्ति। भोपाल-छप्पन-साप्ताहिक-रेलयानस्य परिचालनं जनवरी-मासे आरभ्यते। तस्य समयसूची अपि प्रकाशिता अस्ति। एषा रेलयाना राष्ट्रियरेलरेलरेखायां विदिशा, गंजबासोडा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड्वारा, खन्ना बञ्जरी च मार्गेण प्रचलति। भारतीयरेलवे इत्यनेन भोपालरेलविभागस्य यात्रिकाणां कृते २०२६ तमस्य वर्षस्य नूतनवर्षे प्रमुखं उपहारं दत्तम् अस्ति। भोपालतः धनबादं, चोपनं च यावत् द्वौ नूतनौ एक्स्प्रेस् रेलयानौ घोषितौ। सूचना, समयसूची च अपि प्रकाशिता अस्ति। २०२६ जनवरीमासे आरभ्यमाणाः एताः रेलयानानि मध्यप्रदेशेन, छत्तीसगढेन, झारखण्डेन च सह सम्पर्कं सुदृढं करिष्यन्ति।

## राशिफल

**मेष** : दिन आपके लिए आज महत्वपूर्ण है, जो सपनों और रियल्टी के बीच एक अच्छे बैलेंस को मोटिवेट करता है।

**वृषभ** : अपने टास्क को प्राथमिकता दें, अपने समय को अच्छे से मैनेज करें और सकारात्मक दृष्टिकोण रखें।

**मिथुन** : दिन की चुनौतियां विकास की सीढ़ियां बन रही हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं।

**कर्क** : आप चुनौतियों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम होंगे। अपने आप पर बहुत ज्यादा प्रेशर डालने से बचें।

**सिंह** : दिन अपनी भावनाओं पर भरोसा रखें और अपनी बातचीत में गहरे अर्थ खोजने की कोशिश करें।

**कन्या** : अपनी एनर्जी को सही जगह इस्तेमाल करें। आज अपने शरीर और दिमाग की आवश्यकता को सुनना महत्वपूर्ण है।

**तुला** : अपने चेहरे पर मुस्कान रखें। आज प्यार के पहलुओं का पता लगाने के लिए शांत रहें।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा भारी वस्तुएं उठाने से बचें।सुरक्षा के लिए ऑनलाइन सिक्युरिटी को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

**धनु** : आप सोच-समझकर इनवेस्टमेंट करने के लिए जरूरी डीसीजन ले सकते हैं। चुनौतियां जीवन का स्वाभाविक हिस्सा हैं।

**मकर** : विश्वास रखें कि मुश्किल घड़ी बीत जाएगी और परिणाम स्वरूप आपका रिश्ता और भी मजबूत हो जाएगा।

**कुंभ** : ऑफिस और पर्सनल जीवन में संतुलन बनाए रखें और सभी पेशेवर लक्ष्यों को हासिल करने का प्रयास करें।

**मीन** : दिन आपको मानसिक और शारीरिक भलाई के बीच संतुलन के महत्व की याद दिला रहा है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 17 साल तक रहती है बुध की महादशा, इन राशियों का चमकता है भाग्य

बुध ग्रह की महादशा कुल 17 वर्षों तक चलती है। यदि किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में बुध ग्रह शुभ स्थिति में हों, तो उसे जीवन में कई सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं, विशेष रूप से व्यापार और करियर के क्षेत्र में लाभ के योग बनते हैं।

वैदिक ज्योतिष में बुध ग्रह को बुद्धि, विवेक, तर्कशक्ति, संवाद क्षमता, चतुराई, व्यापार, आर्थिक सोच और मित्रता का प्रतीक माना गया है। बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि के स्वामी होते हैं। ज्योतिष के अनुसार, बुध कन्या राशि में उच्च और मीन राशि में नीच माने जाते हैं। बुध ग्रह की महादशा कुल 17 वर्षों तक चलती है। यदि किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में बुध ग्रह शुभ स्थिति में हों, तो उसे जीवन में कई सकारात्मक परिणाम देखने को



मिलते हैं, विशेष रूप से व्यापार और करियर के क्षेत्र में लाभ के योग बनते हैं।

वहीं यदि कुंडली में बुध ग्रह अशुभ या कमजोर अवस्था में हों, तो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक स्तर पर कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे लोगों को बोलने में कठिनाई, हकलाहट या अपनी बात स्पष्ट रूप से रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा गणित, तर्क और वाद-विवाद जैसे विषयों में भी कमजोरी देखी जाती है। आइए जानते हैं कि बुध की महादशा जीवन को किस तरह प्रभावित करती है।

**कुंडली में बुध ग्रह अशुभ होने पर-** यदि बुध ग्रह जन्म कुंडली में नकारात्मक प्रभाव में हों, तो बुध की दशा के दौरान व्यक्ति को नकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। व्यापार में बार-बार नुकसान होने की स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य के लिहाज से नाक, कान और त्वचा से जुड़ी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। साथ ही मौसी और बुआ जैसे रिश्तेदारों के साथ संबंधों में तनाव बना रह सकता है। शेयर बाजार, सट्टा या लॉटरी जैसे जोखिम भरे निवेश में हानि के योग रहते हैं। इसके अलावा कम्यूनिकेशन स्किल कमजोर होने के कारण प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में दिक्कत आ सकती हैं।

**जन्म कुंडली में बुध ग्रह शुभ होने पर-** यदि बुध ग्रह कुंडली में शुभ और मजबूत स्थिति में हों, तो व्यक्ति की वाणी प्रभावशाली और आकर्षक होती है। ऐसे लोग गणित और विश्लेषण से जुड़े विषयों में तेज होते हैं और उनकी गणना क्षमता भी मजबूत होती है। करियर के लिहाज से ऐसे जातक एमबीए, गणित शिक्षक, अर्थशास्त्री, बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर में अच्छा नाम कमा सकते हैं। वाद-विवाद और बातचीत में वे निपुण होते हैं, जिससे वे एक कुशल व्यापारी भी बनते हैं। स्वभाव से ऐसे लोग हंसमुख, मिलनसार और मजाकिया होते हैं, जिस कारण वे अपने सामाजिक दायरे में लोकप्रिय रहते हैं।

## खबर एक नजर...

### युवक थैली में छुपाकर लाया था अवैध शराब

**उज्जैन।** थैली में अवैध शराब छुपाकर ला रहे युवक की सूचना सर्कल भ्रमण कर रहे देवासगेट थाना एएसआई रामेश्वर धानक को मिली तो वह भ्रमण पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ हीरामिल की चाल क्षेत्र तक पहुंचे। एक युवक थैली लेकर जाता दिखाई दिया, जिसे रोकने का प्रयास किया तो उसने दौड़ लगा दी। पुलिस ने पीछा किया और उसे हिरासत में लिया। उसकी थैली की तलाशी लेने पर उसमें भरे देशी शराब के क्वार्टर रखे होना सामने आये। युवक को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उसका नाम कुशाल पिता प्यारेलाल सिसोदिया 31 साल निवासी 24 प्लाट हीरामील की चाल सामने आया। आरोपी से शराब रखने एवं परिवहन संबंधित वैध लाइसेंस के संबंध में पूछताछ की गई, जो उसके पास नहीं होना पाया गया। जिसके चलते आरोपी का कृत्य धारा 34 मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम का पाये जाने पर मामला दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया।

### मां-बेटे को रिक्शा चालक ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** टॉवर चौक पर तेजगति से दौड़ती रिक्शा क्रमांक एमपी झेड एक्स 2192 के चालक ने बाइक पर सवार नितिन पिता ठाकुरलाल माली और उसकी मां चंपाबाई निवासी जन्तर-मंतर मार्ग जयसिंहपुरा को टक्कर मार दी। दोनों मां-बेटा घायल हो गये। दुर्घटना के बाद चालक रिक्शा लेकर भाग निकला। घायल मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने घायल नितिन के बयान दर्ज कर रिक्शा का नम्बर सामने आने के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। दुर्घटना का एक अन्य मामला आगररोड पर आकाश पेट्रोल पंप के सामने हुआ। तेजगति से दौड़ते आटो ने मानसिंह पिता भागीरथ शर्मा 48 साल निवासी बापूनगर को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल के पुत्र आशीष शर्मा की शिकायत पर चिमनगंज थाना पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### कंचन विहार में कक्षा 10 वीं के छात्र ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** कक्षा 10 वीं में अध्ययन करने वाले छात्र ने सोमवार शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके साथ रहने वाले उसे फंदे से उताकर अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। टोंकखुर्द का रहने वाला यश पिता दिलीप पाटीदार 16 साल कक्षा 10 वीं का छात्र था। नीलगंगा थाना क्षेत्र के कंचन विहार में किराये का मकान लेकर पढ़ाई कर रहा था, उसके साथ कुछ दोस्त भी रहते है। शाम को यश दिखाई नहीं दिया तो साथ रहने वाले उसे देखने के लिये छत पर पहुंचे। यश सीढियों के यहां मफलर के फंदे से लटका हुआ मिला। दोस्त यशवंत उसे फंदे से उतारा और लोगों की मदद से चरक अस्पताल लेकर आया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यशवंत ने बताया कि दोपहर में स्कूल से लौटा था। उस दौरान चाचा संजय पाटीदार मिलने आये थे। उस वक्त तक यश बिल्कुल ठीक था। उसने हंसी मजाक की। चाचा कुछ देर बाद लौट गये थे। उसके बाद खाना खाकर सो गये। शाम को नींद खुली तो यश दिखाई नहीं दिया, पहले लगा कि दूध लेने गया होगा। जब देर तक नहीं आया तो छत पर देखने के लिये जाने लगे। यश मोबाइल भी नहीं रखता था। वहीं ऐसी कोई परेशानी भी नहीं बताई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 899-6 | 136-0 |
| मेन बाजार | 150-6 | 133-7 |
| मिलन डे | 678-1 | 447-5 |
| मिलन नाइट | 130-4 | 446-4 |

1 2 3

### 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से लागू होगा यातायात प्लान

# 11 मार्गों पर वाहनों का प्रतिबंधित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। साल 2025 की बिदाई और वर्ष 2026 के आगाज पर 12 ज्योर्तिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर यातायात पुलिस ने प्लान तैयार किया है। जिसे 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से लागू किया जायेगा। 11 मार्गो पर वाहनों का पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि नववर्ष 2026 के प्रथम दिन बाबा महाकाल के दर्शन को लेकर लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना बढ़ती जा रही है। 25 दिसंबर के बाद से लगातार धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की संख्या का ग्राफ बढ़ रहा है। वर्ष के अंतिम दिन और नववर्ष के प्रथम बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिये देशभर से श्रद्धालुओं का महासैलाब उमड़ने का अनुमान है। जिसको लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को बनाये रखने के लिये प्लान तैयार किया गया है। मंदिर की ओर जाने वाले 11 मार्गो पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण प्रतिबंधित रहेगी। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनो को पार्क कराने के लिये 5 स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था की गई है। कुछ मार्गो पर भारी वाहनों को डायवर्ट किया जायेगा। प्लान 31 दिसंबर की शाम 4 बजे से 1 जनवरी की शाम तक लागू रहेगा।




**इन मार्गो पर नहीं जा सकेगें वाहन-** यातायात पुलिस के प्लान अनुसार वाहनों के लिये पूर्णरूप से मार्गो में हरिफाटक टी से महाकाल घाटी चौराहा, जंतर-मंतर से जयसिंहपुरा/चारधाम, शंकराचार्य चौराहा से नरसिंहघाट, शंकराचार्य चौराहा से दानीगेट, भूखी माता टर्निंग से नरसिंहघाट, दौलतगंज से लोहे का पुल, कंठाल चौराहा से छत्री चौक, तेलीवाड़ा से कमरी मार्ग, दानीगेट से गणगौर दरवाजा/हरिसिद्धि पाल, के.डी. गेट से कमरी मार्ग और भागीरथ तिराहा से टंकी चौराहा की ओर तीन के साथ चार पहिया वाहन नहीं जा सकेगें। असुविधा से बचने के लिये प्लान अनुसार श्रद्धालु अपने वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर मंदिर की ओर पहुंचे।

### यहां रहेगी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

चार पहिया और दोपहिया वाहनों के लिये अलग-अलग पार्किंग व्यवस्था की गई है। चार पहिया वाहनों की पार्किंग में इंदौर, देवास और मक्सी मार्ग से आने वाले वाहन इंजीनियरिंग कॉलेज तिराहा, हरिफाटक चौराहा, लालपुल टर्निंग सेकर्कराज पार्किंग, इंटरप्रिटेशन पार्किंग और भील समाज पार्किंग तक पहुंच सकेगें। उक्त पार्किंग स्थल फूल होने पर चार पहिया वाहनों को हरिफाटक चौराहा स्थित मनंत गार्डन पार्किंग, इंपीरियल होटल के पीछे पार्किंग के साथ हरिफाटक ब्रिज के नीचे पार्किंग तक पहुंचाया जायेगा। बडनगर-नागदा की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन मोहनपुरा ब्रिज, मुरलीपुरा, शंकराचार्य चौराहा होते हुए कार्तिक मेला मैदान पार्किंग में पार्क कराये जायेगें आगर की ओर से आने वालों वाहनों की पार्किंग मकोड़ियाआम, खाकचौक, जाट धर्मशाला, जूना सोमवरिया होते हुए कार्तिक मेला मैदान में रखी गई है। कार्तिक मेला मैदान भरने पर वाहनों को कृषि उपार्जन मैदान में पार्क कराया जाएगा।

### दोपहिया वाहन यहां होगें पार्क

इंदौर/देवास/मक्सी मार्ग की ओर से आने वाले दो पहिया वाहन चालक अपने वाहनों को हरिफाटक चौराहा, लालपुल टर्निंग, भील समाज और ककराज पार्किंग में वाहन पार्क कर सकेगें। बड़नगर/आगर/नागदा मार्ग से आने वाले हरिसिद्धि पाल पार्किंग में वाहन खड़े करेगें। हरिसिद्धि पाल पार्किंग भरने पर शंकराचार्य चौराहा के पास गुरुद्वारा भूमि पर रहेगी। शहर की सभी पार्किंग भर जाने पर इंदौर, देवास और भोपाल से आने वाले वाहनों को इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान में वाहन खड़े करना होगें।

### भारी वाहन डायवर्सन व्यवस्था

31 दिंसबर की शाम से शहर में भारी वाहनों के लिये डायवर्सन मार्ग तय किये गये है। जिसमें इंदौर से नागदा/आगर/मक्सी की ओर जाने वाले भारी वाहन तपोभूमि, देवास बायपास, मारुति शोरूम, शैफी पेट्रोल पंप, श्री सिंथेटिक्स, मक्सी से देवास/इंदौर की ओर आने वाले वाहन श्री सिंथेटिक्स, शैफी, मारुति शोरूम, देवास रोड, नरवर बायपास और बड़नगर/नागदा/आगर की ओर से आने वाले भारी वाहन मोहनपुरा ब्रिज, साढू माता की बावड़ी, चोपल सागर, अनाज मंडी मार्ग से पांड्याखेड़ी चौराहा होते हुए गुजरेगें। उज्जैन पुलिस सभी श्रद्धालुओं से अपील करती है कि वह निर्धारित मार्ग, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात निदेर्शो का पालन करें।

## महिला कर्मचारी ने लौटाया मंगलसूत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

झारखंड से डॉ.आयुष कुमार अपनी मां के साथ रविवार को महाकाल दर्शन करने आये थे। दर्शन के बाद मंदिर से बाहर आते समय उनकी मां का मंगलसूत्र भीड़ में गिर गया। उन्होने कोर सिक्यूरिटी कंपनी के प्रभारी को जानकारी दी, प्रभारी ने मंदिर कंट्रोलरूम को महिला श्रद्धालु का मंगलसूत्र गुम होने की सूचना दी। इसी बीच पता चला कि उक्त मंगलसूत्र टनल के निर्गम गेट पर मंदिर समिति की कर्मचारी सुमन राठौर को मिला है। प्रभारी ने डॉ. आयुष कुमार को मंगलसूत्र मिलने की जानकारी दी और कंट्रोलरूम भेजा। जहां उनकी माता को गुम मंगलसूत्र लौटा दिया गया, जो 2 तोला वजनी था।

### अनाज मंडी में जुआ खेलते 3 लोगों को पकड़ा

तराना थाना पुलिस ने शाम को अनाज मंड़ी में ताशपत्ती से जुआ खेल रहे 3 लोगों को दबिश देकर पकड़ा। जिनके पास से ताशपत्ती के साथ नगद राशि जप्त की। एएसआई पीसी साहू ने बताया कि तीनों मंडी परिसर में मजदूरी का काम करते है। जिनके खिलाफ 13 जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। तीनों को नोटिस तामिल कराकर रिहा किया गया है। चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया जायेगा। पूर्व में भी पुलिस मंडी परिसर से जुआ खेलते लोगों को पकड़ चुकी है।

## मुस्लिम युवक के बेग से निकली आपत्तिजनक सामग्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कालिदास स्कूल के पास बालिका से छेड़छाड़ की सूचना पर पहुंचे हिन्दूवादी संगठन ने मुस्लिम युवक को पकड़ा और थाने लाये तो उसके बेग से आपत्तिजनक सामग्री मिलना सामने आया। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई कर जांच शुरू की है।

बताया जा रहा है कि सोमवार शाम मुस्लिम युवक कालिदास स्कूल बियाबानी चौराहा के पास पहुंचा था। हिन्दूवादी संगठन के कार्यकताओं को पता चला कि युवक बालिका के साथ छेड़छाड़ कर रहे है। कपिल कसेरा, दिनेश मकवाना, राहुल सिसौदिया अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होने युवक को पकड़ा और पूछताछ की, उसका नाम असगर पिता रहीम सरकार निवासी कोलकत्ता हाल मुकाम राजबाड़ा इंदौर होना सामने आया। जिसे कोतवाली थाने लाया गया, जहां उसके बेग की तलाशी ली गई तो आपत्तिजनक सामग्री मिलना सामने आया। थाना प्रभारी दिनबंधुसिंह तोमर ने बताया कि युवक से पूछताछ चल रही है। फिलहाल प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने कोई सामने नहीं आया है।

### भोपाल में ट्रेन से गिरे वृद्ध का उज्जैन में उपचार


**उज्जैन।** नागपुर से राजस्थान के लिये जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में सवार भरत पिता पुरूषोत्तम मेहता 59 साल भोपाल स्टेशन पर में चलती ट्रेन से संतुलन बिगड़ने पर पटरियों के बीच जा गिरे थे। यात्रियों ने तत्काल चेन खींचकर ट्रेन को रोका और भरत मेहता को प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों की मदद से बाहर निकाला। उन्हे मामूली खरोंच लगी थी, उन्हे वापस ट्रेन में बैठाया गया। लेकिन रास्ते में उनकी तबीयत बिगड़ गई। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर उन्हे वापस उतारा गया और उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। भरत मेहता ने बताया कि परिवार में गमी होने पर वह राजस्थान जा रहे थे।

# रंजीश में युवक की चाकू घोंपकर हत्या का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विवाह समारोह में शामिल होने आये युवक की चाकू घोंपकर रविवार-सोमवार रात हत्या का प्रयास किया गया है। पुलिस ने 3 हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

बेगमपुरा में रहने वाला शोएब पिता शब्बीर शाह 24 साल दोस्त आवेश खान के साथ सावंराखेड़ी मार्ग पर बंधन गार्डन में आयोजित विवाह समारोह में खाना खाने पहुंचा था। जहां विराटनगर में रहने वाले आफताब, आदिल और अमन भी आये थे। जिनसे पुरानी रंजीश चली आ रही थी। खाना खाने के दौरान उनके बीच घूराघूरी शुरू हो गई। कुछ देर बाद शोएब और आवेश अपने साथी अयाज और दाऊद के साथ घर जाने के लिये गार्डन से बाहर आये तो विराटनगर में रहने वाले तीनों युवको ने रोक लिया। उन्होने आवेश के साथ पहले मारपीट की और बाद में शोएब के सीने, कमर और कंधे पर चाकू घोंप दिये। चाकूबाजी होते ही अफरा-तफरी मच गई। हमला करने वाले तीनों युवक भाग निकले। गंभीर घायल शोएब को चरक अस्पताल लाया गया, जहां से निजी अस्पताल उपचार के लिये ले जाया गया। चाकूबाजी की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। घायल के दोस्त आवेश के बयान पर हमला करने वाले तीनों युवकों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू की गई। सोमवार शाम तक तीनों पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके।



### थाना क्षेत्र में कुछ दिनों में तीन चाकूबाजी

नीलगंगा थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में तीन चाकूबाजी की घटना होना सामने आई है। तीनों मामलों में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। पहली घटना एक्सीलेंस स्कूल के 2 नाबालिग छात्रों के बीच हुई थी। विवाद होने पर एक छात्र ने अपने बाहरी साथियों को बुलाकर चाकू से हमला किया था। दूसरी घटना 2 दिन पहले शास्त्रीनगर ग्राउंड के पास एक युवक को सीने में चाकू घोंप दिया गया था। वहीं तीसरी घटना सावंराखेड़ी मार्ग पर होना सामने आई है। छात्रों के बीच हुई घटना में नाबालिगों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं 2 घटनाओं के में शामिल 5 आरोपित फरार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com